दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शनिवार, 20 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 240 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि ये विपक्षी नेता भाजपा को बार-बार चुनौती देकर नामुमकीन समझे जाने वाले कामों को मुमकीन बनाने के लिए क्यों उकसाते हैं? मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे कह कर चिढ़ाया तो राम मंदिर बनाकर दिखा दिया गया। ट्रिपल तलाक और कश्मीर से 370 के खात्मे को लेकर चैलेन्ज दिया गया तो ये दोनों भी बिना किसी चूं-चपड़ के खत्म कर दिये गये। अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने चुनौती दी है कि भाजपा में दम है तो वह नोट से महात्मा गांधी की फोटो हटाकर दिखाए। खुदा खैर करे।

27. 34 लाख फार्म रह गए अनकलेक्टेड, इनमें ज्यादातर दूसरी जगह शिफ्ट होने वाले

23 दिसंबर को ड्राफ्ट सूची जारी होगी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि, तय समय-सीमा के भीतर गणना प्रपत्रकों का संकलन लगभग पूरा कर लिया गया है और अब आगे की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि, एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर निर्धारित थी। इसके तहत गणना प्रपत्रक एकत्र करने का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। हालांकि, 27 लाख 34 हजार 817 गणना प्रपत्रक ऐसे हैं, जो अनकलेक्टेड पाए गए, जिनमें अधिकांश वे मतदाता हैं जो किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुके हैं।

एसआईआर पर छत्तीसगढ़ इलेक्शन कमिश्नर की प्रेस कान्फ्रेंस

23 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशनः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगे बताया कि, मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन 23 दिसंबर को किया जाएगा, जिसे निर्वाचन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इसके बाद एक माह की अवधि में दावा-आपत्ति प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा।

फॉर्म-6 के माध्यम से जुड़वा सकते हैं नाम

उन्होंने कहा कि, जो मतदाता दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो गए हैं, वे फॉर्म-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। हालांकि इस बार नियमों में आंशिक बदलाव किया गया है। अब फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र (डिक्लेरेशन फॉर्म) देना भी अनिवार्य होगा।

रायपुर-मुंबई-बेंगलुरु समेत जयकॉर्प के 30 ठिकानों पर ईडी की दबिश

2,434 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच, आनंदम वर्ल्ड सिटी स्थित ऑफिस में जांच जारी

- कारोबारी राकेश सरावगी के ठिकानों पर ईडी की रेड
- गोल्डन ब्रिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े दस्तावेजों की जांच जारी

नई दिल्ली/रायपुर। जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े 2 हजार 434 करोड़ की धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय ने देशभर में छापेमारी की है। इनमें रायपुर, मुंबई, नासिक और बेंगलुरु समेत 30 से अधिक ठिकाने शामिल हैं। जांच एजेंसी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की तलाशी ले रही है। रायपुर में कारोबारी राकेश सरावगी के ठिकानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई कचना क्षेत्र स्थित आनंदम वल्र्ड सिटी में की गई, जहां राकेश सरावगी का ऑफिस स्थित है। ईडी की इस अचानक कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, आनंदम सिटी के कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के तीसरे माले में स्थित राकेश सरावगी के कार्यालय में श्वष्ठ की टीम पहुंची। राकेश ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

इन राज्यों के कई कारोबारियों के ठिकाने शामिल

गौरतलब है कि, 2,434 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच में ईडी ने दबिश दी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, महाराष्ट्र के नासिक, कर्नाटक के बेंगलुरु और मुंबई के कई कारोबारियों के ठिकाने शामिल हैं। अकेले मुंबई में करीब 20 ठिकानों पर ईडी की टीमें एक साथ जांच कर रही। बता दें कि रायपुर, नासिक और बेंगलुरु में करीब 10 ठिकानों को खंगाला जा रहा। जांच का केंद्र जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक, उद्योगपति आनंद जयकुमार जैन, उनकी सहयोगी कंपनियां और उनके व्यापारिक साझेदार रेड के दायरे में हैं।

मौके पर पहुंचे अधिकारी

ईडी की टीम दो गाड़ियों में मौके पर पहुंची, जिसमें 5 अधिकारी और सुरक्षा बल शामिल रहे। टीम ने कार्यालय की गहन जांच शुरू की और वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की जा रही है और कार्रवाई जारी है।

करोड़ों रुपये की हेराफेरी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले समेत देश के 30 से अधिक ठिकानों पर दबिश दी। सीबीआई में दर्ज निवेशकों से रियल एस्टेट निवेश फंड के जरिए धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये की हेराफेरी मामले से जुड़ी है।

सेमीकंडक्टर और एआई जैसे नए क्षेत्रों में उछाल

छग में औद्योगिक क्रांति की रफ्तार 7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने संवाद कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियां गिनाई। मंत्री ने बताया कि 13 दिसंबर को सरकार के दो साल पूरे हुए और 1 नवंबर 2024 से लागू नई औद्योगिक नीति के बाद राज्य तेजी से निवेश आकर्षित कर रहा है तथा उन्हें जमीन पर उतार भी रहा हैं। मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस दौरान बताया कि नवंबर 2024 से अब तक 18 क्षेत्रों में 7.83 लाख करोड़ रुपये के 219 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 1.5 लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। ये निवेश स्श्वरूढ्ढष्टह्लह्रष्ठष्टज्जहक्र, ्रढ्ढ, सीमेंट, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग जैसे विविध क्षेत्रों में है। इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जो राज्य कभी लौह और इस्पात के लिए जाना जाता था, वह अब सेमीकंडक्टर, एआई डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन रहा है। कंपनियां जल्द काम शुरू करना ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

निवेश अब रायपुर तक सीमित नहीं

उन्होंने बताया कि निवेश अब रायपुर तक सीमित नहीं हैं, 21त्न प्रस्ताव आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में, 33' रायपुर में और 46' बिलासपुर, दुर्ग व सरगुजा संभागों में हैं। लगभग 50' निवेश थ्रस्ट क्षेत्रों जैसे सेमीकंडक्टर और एआई डेटा सेंटर में है। 57 परियोजनाएं 1,000 करोड़ से अधिक की और 34 परियोजनाएं 1,000 से ज्यादा रोजगार देने वाली हैं।

लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली (वार्ता)। अठारहवीं लोकसभा के छठे सत्र में सदन की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किये गये। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों को सूचित करते हुए कहा अब हम 18वीं लोकसभा के छठे सत्र की समाप्ति की ओर आ गये हैं। इस सत्र में हमने 15 बैठकें की। आप सभी के सहयोग से इस सत्र में सदन की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत रही। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने देर रात तक सदन चलाने में सहयोग किया, इसके लिए धन्यवाद देता हूं। उसके बाद अध्यक्ष ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी ।

शीतकालीन में लोकसभा में आठ विधेयक पारित किये गयेः अठारहवीं लोकसभा का छठे सत्र में आठ विधेयक पारित किये गये और इस दौरान सदन की कार्य-उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। एक दिसंबर को शुरू हुआ सत्र आज सम्पन्न हो गया।

प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर नहीं हुई चर्चाः इस शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी बात यह रही कि देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर संसद में कोई विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी। विपक्ष ने इसे सत्र की बड़ी चूक बताया।

भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब में रोपड़ के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी जमानत की मांग से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि इस स्टेज पर वह दखल नहीं देगा, क्योंकि मामला अभी हाई कोर्ट में पेंडिंग है।

अब शिक्षकों और विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजा गया है। जारी निर्देशों के अनुसार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए विद्या समीक्षा केंद मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए प्ले स्टोर का लिंक भी विभाग द्वारा जारी किया गया है, ताकि सभी संबंधित अधिकारी और स्कूल आसानी से ऐप डाउनलोड कर सकें। आदेश में बताया गया है कि यह व्यवस्था पहले प्रदेश के 7 जिलों में लागू की गई थी।

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या कर शव को जलाया

ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, हालात दयनीय होते जा रहे हैं। हिंसा और अराजकता की स्थिति चरमसीमा पार कर चुकी है। हत्या और आगजनी की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में भी इजाफा हुआ है। मयमनसिंह जिले के भालुका उपजिला में भीड़ ने एक हिंदू युवक की हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार युवक पर इस्लाम का अपमान करने का आरोप था। इससे भी भयावह यह है कि युवक की हत्या के बाद उसके शव को आग लगा दी गई।

इस घटना के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया। इसकी वजह से ढाका-मैमनसिंह हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोक दिया गया। यह हिंसा गुरुवार रात को उपजिला के स्क्वायर मास्टरबाड़ी इलाके में पायनियर निट कम्पोजिट फैक्ट्री में हुई। मरने वाले हिंदू युवक की पहचान दीपू चंद्र दास (30) के तौर पर हुई है। दीपू फैक्ट्री में काम करता था और मैमनसिंह के तारकंडा उपजिला का रहने वाला था। स्थानीय सूत्रों के हवाले से, बांग्लादेशी बंगाली मीडिया आउटलेट बार्टा बाजार ने बताया कि दीपू पर वर्ल्ड अरेबिक लैंग्वेज डे पर फैक्ट्री में हुए एक इवेंट के दौरान इस्लाम और पैगंबर मुहम्मद के बारे में गलत कमेंट करने का आरोप था। गुस्साई भीड़ ने उसे पीटा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवक की मौत के बाद हालात और खराब हो गए। भीड़ शव को स्क्वायर मास्टरबाड़ी बस स ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजापुर मठभेड़ में एसीएम फगनू माड़वी ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ जारी है। भैरमगढ़ एरिया के अडवारा के जंगलों में हो रही मुठभेड़ को लेकर बड़ी अपडेट निकलकर सामने आया है। डीआरजी जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है. मारे गए नक्सली की शिनाख्ती एसीएम फगनू माड़वी उम्र 35 वर्ष निवासी गोरना के रूप में हुई है। उसपर 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

दरअसल, भैरमगढ़ अन्तर्गत इन्द्रावती क्षेत्र में आदवाड़ा- कोटमेटा के जंगलों में माओवादियों के मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इस इनपुट पर बीजापुर से डीआरजी जवानों की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अभियान के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। शुक्रवार की सुबह से दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।

कैसे हुई जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ : पुलिस अधीक्षक, बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

शराब घोटाला केसः 14 दिन की ईडी रिमांड पर सौम्या

- चौरसिया को मिले 115 करोड़,
- सिंडिकेट ने कमाए 2500 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में, प्रवर्तन निदेशालय ने 2 दिन पहले ही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया था। पीएमएलए कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को 14 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले कोर्ट ने दो दिन की रिमांड दी थी। शुरुआती रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने सौम्या को कोर्ट में पेश किया। ईडी ने पप्पू बंसल उर्फ लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, तांत्रिक केके श्रीवास्तव और कारोबारी अनवर ढेबर के होटल मैनेजर दीपेन चावड़ा के बयान के आधार पर सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। ईडी को सौम्या, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर-चैतन्य बघेल के बीच हुई चैट्स में कई अहम सबूत भी मिले हैं। ईडी के मुताबिक एसीबी/ईओडब्ल्यू ने आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर दर्ज की है। इसी आधार पर जांच शुरू की। जांच में पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को बड़ा नुकसान हुआ।

प्रशासन अलर्ट... राजनीतिक रोटी सेंकने भीड़ को उकसाया, तीन दिन से सुलगता रहा आमाबेड़ा स्कूल, व्यापार बंद लाखों का नुकसान

धर्मांतरण की आग में झुलसता बड़ेतेवड़ा का चौथा दिन

- हिंसा के दौरान तीन चर्च टूटे, बीस घायल, फ्लैग मार्च कर शांति का संदेश

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर में नक्सलवाद के बाद धर्मांतरण का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है।आमाबेड़ा के बड़ेतेवड़ा में धर्मांतरण को लेकर सुलगते 04 दिन में कल रात से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। बस्तर संभाग के आला अधिकारी ज़िला प्रशासन आमाबेड़ा पहुंच हालात पर नजर बनाए हुए है। सूत्रों की माने तो धर्मांतरण मुद्दे पर कुछ राजनेता अपनी राजनीति रोटी सेंकने में व्यस्त थे कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र के ग्राम बड़े तेवड़ा का है जहां ईसाई समुदाय और आदिवासी समुदाय के बीच शव दफन को लेकर दो दिनों से बवाल मचा हुआ था जो तीन चर्च को तोड़कर आग के हवाले करने और बीस से अधिक लोग घायल होने के बाद शांत हुआ है। प्रशासन ने मृतक के शव को अब तक कहां दफन ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

एसपी कलेक्टर ने किया घटना स्थल का दौरा

वहीं बवाल के तीसरे दिन कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलएसेला और कांकेर कलेक्टर महादेव श्रिरसागर ने ग्राम बड़े तेवड़ा पहुंच घटना स्थल का जायजा लिया और घटना स्थल पर तैनात जवानों को हौसला अफजाई करते हुए पूरे एरिया में शांति बहाल बनाए रखने की सलाह दी।

राजनीतिक रोटी सेंकने भीड़ को भड़काया

वहीं प्रशासन का पूरे मामले पर कहना है कि शव को निकालने के बाद से मामला शांत हो गया था। पर भीड़ में मौजूद कुछ राजनीतिक नेताओं ने भीड़ को भड़काकर आग दे दी जिसके बाद भीड़ बेकाबू होकर सीधे ईसाई समुदाय के चर्च व घरों को तोडने के अलावा आग के हवाले कर दिए।

पीएम आज बंगाल को देंगे ३२सौ करोड़ की सौगात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लेकर बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। पीएम मोदी पश्चिम बंगाल में 3200 करोड़ रुपए के दो नेशनल हाईवे प्रोजेक्टों की नींव रखेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

66.7 किलोमीटर लंबे बाराजगुली से कृष्णानगर सेक्शन के चौड़ीकरण कार्य की आधारशिला रखेंगे। वह उत्तरी 24 परगना जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के 17.6 किलोमीटर लंबे बारासात-बाराजगुली सेक्शन के 4 लेन चौड़ीकरण कार्य की भी नींव रखेंगे। पश्चिम बंगाल के लिए ये दोनों प्रोजेक्ट काफी अहम हैं। इनके शुरू होने से कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच रोड लिंक मजबूत हो सकेगा और सफर का समय करीब 2 घंटे कम हो सकेगा। इसके अलावा इससे क्षेत्र में आर्थिक तरक्की और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले प्रधानमंत्री ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

दो साल के निरंतर प्रयासों से पीछे छूटा भय, बना विश्वास और विकास का माहौल

■ रंग लाया सीएम साय का प्रभावी नेतृत्व

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का बस्तर अंचल वर्षों तक नक्सलवाद, हिंसा और उपेक्षा की पहचान बना रहा, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अब यह क्षेत्र तेजी से बदलाव की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2023 के अंत में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद से ही उन्होंने बस्तर को केवल 'सुरक्षा चुनौती' नहीं, बल्कि विकास की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र मानते हुए विशेष प्राथमिकता दी। उनकी नीति स्पष्ट रही- सुरक्षा, संवाद और विकास तीनों को साथ लेकर चलना और इसी सोच के कारण बस्तर में प्रशासनिक सक्रियता, निवेश और सामाजिक विश्वास की नई लहर दिखाई देने लगी है।

नक्सलवाद के खिलाफ बदली रणनीति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यकाल में बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफअभियान को नई रणनीति के साथ आगे बढ़ाया गया। वर्ष 2024-25 के दौरान बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसे अति-संवेदनशील जिलों में लगातार बड़े सुरक्षा ऑपरेशन चलाए गए। मई 2025 में मुख्यमंत्री ने स्वयं बीजापुर और दंतेवाड़ा का दौरा कर डीआरजी, सीआरपीएफऔर पुलिस अधिकारियों से सीधी बातचीत की और स्पष्ट संदेश दिया कि अब बस्तर की लड़ाई बंदूक से नहीं, शिक्षा, रोजगार और विकास से जीती जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण से सामान्य जनजीवन की बहाली शुरू हुई।

आदिवासी संस्कृति को मिला राष्ट्रीय मंच

मुख्यमंत्री के कार्यकाल में बस्तर की आदिवासी संस्कृति को नई पहचान दिलाने का प्रयास तेज हुआ। बस्तर पांडूम जैसे सांस्कृतिक महोत्सव को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिला। वर्ष 2025 में इस आयोजन को प्रधानमंत्री स्तर के कार्यक्रमों में स्थान मिलने से बस्तर की लोककला, नृत्य, संगीत और हस्तशिल्प को व्यापक मंच मिला, जिससे स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों को आर्थिक अवसर भी प्राप्त हुए।

लगातार दौरों से बढ़ा भरोसा

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने कार्यकाल में कई बार बस्तर का दौरा कर यह संदेश दिया कि सरकार जमीनी हकीकत से जुड़ी है-
- 15 अक्टूबर 2024 को उन्होंने दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन किए, मुरिया दरबार में भाग लिया और विकास कार्यों की समीक्षा की।
- मई 2025 में बीजापुर और दंतेवाड़ा दौरे के दौरान सुरक्षा और विकास के बीच संतुलन पर जोर दिया।
- सितंबर 2025 में जगदलपुर में आयोजित बस्तर इनवेस्ट कनेक्ट मीट में बस्तर को निवेश के नए केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया।
- 11-12 दिसंबर 2025 को बस्तर ओलंपिक का उद्घाटन कर बस्तर के सामाजिक परिवर्तन को नई दिशा दी।

खेल के जरिए सामाजिक बदलाव

दिसंबर 2025 में आयोजित बस्तर ओलंपिक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक रहा। इसका उद्देश्य बस्तर के ग्रामीण और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ना था।

निवेश और रोजगार की नई संभावनाएँ

सितंबर 2025 में आयोजित बस्तर इनवेस्टर कनेक्ट मीट बस्तर के आर्थिक इतिहास में एक बड़ा मोड़ साबित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लगभग 52,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों की जानकारी दी। इनमें खनिज आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। सरकार का फोकस स्थानीय युवाओं को रोजगार और आदिवासी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

दो वर्षों में बदली जशपुर जिले की तस्वीर, सीएम के नेतृत्व में आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार

मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस तक की मिली बड़ी सौगातें, सीएम साय द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

जशपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में जशपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं ने ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बनाया है। सीमित संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझने वाला जशपुर आज आधुनिक चिकित्सा ढांचे, सुदृढ़ आपात सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है।

आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना की मजबूत नींव: स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा बड़े और दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। जशपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु 359 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति मिलना जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही 220 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

नए अस्पताल और शिक्षण संस्थान: अखिल भारतीय कल्याण आश्रम परिसर में 35 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है। वहीं 8.78 करोड़ रुपये की लागत से नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिससे प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

आपात सेवाओं में ऐतिहासिक विस्तार

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले को 10 नई 108 संजीवनी एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई हैं। अब कुल 24 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस जीवनरक्षक सेवाएं दे रही हैं। वहीं 102 महतारी एक्सप्रेस की 18 एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर रही हैं। प्रत्येक विकासखंड में शव वाहन की व्यवस्था से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची स्वास्थ्य सुविधा

कोतबा में 4.37 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही 5 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना फरसाबहार, दुलदुला और कुनकुरी तहसीलों में की जाएगी, जिससे ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता

कुनकुरी में 50 बिस्तरों वाले मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण 8.77 करोड़ रुपये की लागत से प्रगति पर है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर फरसाबहार में सत्य साईं मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय की स्थापना शीघ्र की जाएगी, जिससे जशपुर सहित पड़ोसी राज्यों को भी लाभ मिलेगा।

बहुआयामी चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार

स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाते हुए जिले में 14 करोड़ रुपये की लागत से फिजियोथेरेपी महाविद्यालय तथा 2.62 करोड़ रुपये से कुनकुरी में नेचुरोपैथी भवन निर्माण को मंजूरी दी गई है।

घर में सिलेंडर फटने से लगी आग

कोरबा/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र के वैष्णव दरबार सब स्टेशन के सामने संतोष केवट के घर में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार घर के किचन में आग लगी और गैस सिलेंडर तेज धमाका के साथ फट गया धमाके की तेज आवाज सुनकर लोग चौंक पड़े। घटना का सुखद पहलू रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना में टीवी, फ्रिज, कूलर, अलमारी, पलंग सहित घर में रखे पूरा राशन सामान जल कर खाक हो गई घटना की सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वार्ड 11 के पार्षद पति सुजीत राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां जानकारी मिली कि पूरा परिवार कम पर गया हुआ है और घर ताला बंद था इस दौरान आग जल की घटना सामने आई दमकल वाहन किसकी सूचना दी गई मौके पर पहुंच घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं किचन में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गया था। जिसके चलते बड़ा घटना घट सकती थी समय रहते दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

सुकमा एसडीओपी पर चाकू से हमला

■ दंतेवाड़ा में दिया वारदात को अंजाम, एक आरोपी गिरफ्तार

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां सुकमा जिले के एसडीओपी तोमेश वर्मा पर अज्ञात युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। यह सनसनीखेज वारदात शहर के टीवीएस शोरूम के पास हुई, जहां अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में घायल एसडीओपी तोमेश वर्मा को तत्काल लाज के लिए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हमलावर युवक को दंतेवाड़ा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

दुर्ग का निवासी है आरोपी

मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान रविशंकर साहू, निवासी दुर्ग के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि, आरोपी रजनिशा वर्मा नामक महिला के साथ दंतेवाड़ा आया था और उसने सुकमा से एसडीओपी का पीछा करते हुए दंतेवाड़ा तक पहुंचकर इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

एक ही रेलवे ट्रैक पर आई 3 ट्रेनें

बिलासपुर/नवप्रदेश। गतौरा से आगे लाल खदान के पास एक ही रेलवे ट्रैक पर पहले से खड़ी मालगाड़ी के पीछे दो पैसेंजर ट्रेनें पहुंच गईं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दोनों ट्रेनों के लोको पायलटों ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाया।

अचानक ट्रेन का ब्रेक लगने से यात्री दहशत में आ गए। बीआर लोकल में यात्रा कर रहे अकलतरा के व्यवसायी दीपक माधवानी ने घटना का प्रत्यक्ष विवरण देते हुए बताया कि वह ट्रेन की तीसरी बोगी में सवार थे। उनके अनुसार एक ही पटरी पर पहले से मालगाड़ी खड़ी थी, उसके पीछे कोरबा-बिलासपुर पैसेंजर ट्रेन और उसके ठीक पीछे बी।आर। रायगढ़-बिलासपुर पैसेंजर ट्रेन आ रही थीं। समय रहते दोनों ट्रेन के ड्राइवरों के द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाए जाने से दोनों पैसेंजर ट्रेनें मालगाड़ी से मात्र 25 से 50 मीटर की दूरी पर रुक गईं। अचानक ब्रेक लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर तक दहशत का माहौल बना रहा। यह घटना गुरुवार सुबह करीब 10:49 बजे की बताई जा रही है। गनीमत रही कि लोको पायलटों की सतर्कता से सैकड़ों यात्रियों की जान बच गई।

पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले ही राउटर के पास इसी तरह की घटना में दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है।वहीं जयरामनगर के पास भी इसी तरह की दुर्घटना होते-होते बची थी। यह तीसरी ऐसी घटना है, जिसमें खड़ी मालगाड़ी के पीछे यात्री ट्रेन पहुंच गई। यह महज सौभाग्य या देवयोग ही कहा जा रहा है कि किसी तरह की कोई अनहोनी नहीं हुई।

बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। बाइक की टक्कर से एक की मौत और एक घायल हो गया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को ग्राम बम्हनी निवासी देवप्रकाश साहू हीरालाल सिदार के साथ बाइक एचएफडिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीपी 3240 से ससुराल बंसुला गया था, शाम को वापस अपने घर आ रहा था। बाइक को देवप्रकाश साहू चला रहा था।

रिजर्व फॉरेस्ट में मुरुम की अवैध खुदाई, सरपंच पर अपराध दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत वन परिक्षेत्र के ठरकपुर गांव के सरपंच चंद्रभूषण कश्यप ने वन विभाग के रिजर्व फारेस्ट यानि वन भूमि में मुरुम की अवैध खोदाई शुरु कर जानकारी मिलने के बाद जब टीम मौके पर पहुंची तो वहां से जेसीबी गायब हो चुकी थी। सरपंच से पूछताछ के बाद उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्म दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों से पूछताछ के बाद की कार्रवाई: वन विभाग को बिलासपुर वन मंडल के सीपत वन परिक्षेत्र के ठरकपुर ग्राम पंचायत में चंद्रभूषण कश्यप सरपंच है। पिछले कुछ दिनों से सरपंच चंद्रभूषण कश्यप नियमों को ताक पर रखते हुए रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र आरएफ3 से मुरुम की अवैध खोदाई कर रहा था। इस दौरान दो से तीन दिन के अंतराल में सरपंच ने जेसीबी से रिजर्व फारेस्ट एरिया में मुरुम खोदाई करने के बाद पंचायत भवन और अन्य कार्यों के लिए सैकड़ों ट्रैक्टर मुरुम का उपयोग किया।जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मस्तूरी में भूमि समतलीकरण के लिए 2 लाख 77 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी।नियमानुसार यह मुरुम लीज खदान से खरीदी की जानी थी, लेकिन सरपंच मुरुम की खरीदी करने के बजाय रिजर्व फारेस्ट में वन भूमि पर मुरुम की अवैध खोदाई कराने लगा था। ग्रामीणों का आरोप है कि यह अवैध खोदाई सिद्ध बाबा प्लॉट में बने तालाब से की जा रही थी, जिसकी खोदाई वर्ष 2022-23 में मनरेगा मद से करीब 3 लाख रुपए की लागत से हुई थी। यह क्षेत्र भी रिजर्व फारेस्ट के अंदर आता है। वहीं अवैध मुरुम खोदाई की सूचना पर सीपत सर्कल के डिप्टी रेंजर एलके गढ़वाल, बीट गार्ड केशन गोस्वामी, राजा बघेल मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले मौके से मशीनें हटाई जा चुकी थी।

वन भूमि पर खुदाई गंभीर अपराध

वन मंडल बिलासपुर के रेंजर शुभम मिश्रा ने बताया कि वन भूमि में खोदाई करना एक गंभीर अपराध है। सीपत सर्किल के ठरकपुर ग्राम पंचायत के सरपंच का मामला आया है, जिसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़े तो उसे जेल भेजने की कार्रवाई भी होगी। फिलहाल सरपंच के खिलाफवन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

पल्स पोलियो अभियान: 0-5 वर्ष के बच्चों को पिलाया जाएगा पोलियो ड्राप

जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक, पहुंच विहीन क्षेत्रों के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह जी के द्वारा 'पल्स पोलियो अभियान' के तहत कार्ययोजना की जानकारी दी गई। बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एन आई डी) 'पल्स पोलियो अभियान' में सभी जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को 21 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाया जाएगा।

प्रथम दिवस में सुबह 8.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक बच्चों को पोलियो बूथ में पोलियो की ड्रॉप्स पिलाया जाएगा। द्वितीय और तृतीय दिवस (22 व 23 दिसम्बर तक) घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा।

बैठक उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर से पोलियो जागरूकता रथ को कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने व प्रचार करने का कार्य करेगा।

जिले में विशेष रुप से बाहर जाने वाले बच्चों व बाहर से आने वालों बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, इसके लिए हाट बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, ईंट-भट्ठा में काम करने वालों के बच्चे, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले, शहरी स्लम एरिया (क्षेत्रों) में विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कलेक्टर चन्दन त्रिपति ने निर्देश देते हुए कहा को प्रथम दिवस में 80 प्रतिक्षण पोलियो ड्रॉप पिलाना सुनिश्चित करेंगे। लोगों के सुविधा के लिए ट्रांजिट टीम के सदस्य द्वारा दायित्व का निर्वहन अच्छे से करेंगे। ग्रामीण पहुंच विहीन क्षेत्रों के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

'पल्स पोलियो अभियान' का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु माइक्रोप्लान बनाकर शत-प्रतिशत करें। इसके लिए जिले में जिला स्तर पर और विकासखंड स्तर पर टीम गठित कर मानीटरिंग करें। बूथ लेवल पर बस स्टैंड, टोल टैक्स, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि स्थानों पर प्रचार प्रसार के बेनर-पोस्टर एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध हो, गांवो में मुनियादी कराएं एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सूचित करेंगे। पोलियो वाइल्ड वायरस के प्रसार को रोकने हेतु गठित इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस तथा रेपिड रिस्पांस टीम का उन्मुखीकरण करें, साथ ही ए.ई.एफआई. (विशेष जोखिम परिस्थिति) के लिए कीट उपलब्ध रहे।

कलेक्टर ने स्वास्थ विभाग के टीम को 8रू00 बजे से अभियान आरंभ कर संध्या 5. 00 बजे तक अभियान का संचालन होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पोलियो बूथ का संचालन निर्धारित समयावधि के पूर्व बन्द नहीं किया जाना है। अभियान में वैक्सीन की गुणवत्ता को बनाए रख कार्यों का संपादन सुचारू रूप से किया जाना है।

बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक डॉ आयुष जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, विकासखण्ड चिकित्साधिकारी - बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोडी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोडी, समस्त बी ल.ई.टी.ओ. विकासखंड बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोडी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी - कर्मचारी शामिल रहे।

घनश्याम पटेल की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

बागबाहरा/नवप्रदेश। खेलग्राम कस्तूरबोड में क्रिकेट के पूर्व खिलाड़ी स्वर्गीय घनश्याम पटेल (गुरुजी) की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीम भाग ले रही है जिसमें महासमुंद जिले की टीम सहित ओड़िसा की टीम शामिल है। 22 दिसम्बर से शुरू हो रहे इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 21 हजार संतोष पटेल व राधेश्याम पटेल सरपंच व शील्ड एकलदेव निषाद व द्वितीय पुरस्कार 11 हजार लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष खल्लारी व शील्ड फ्रेंड्स कलेक्शन बागबाहरा के द्वारा प्रदत्त है। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफद मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कीपर, बेस्ट फील्डर सहित अन्य आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं। कस्तूरबोड क्रिकेट क्लब के सदस्य आलोक नायक , चूड़ामणि साहू , चुन्नी साहू ने बताया कि यह सीमित ओवरों का खेल है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ड्यूस बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए क्लब के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

युवा महोत्सव 23 से, विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने मिलेगा मौका

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य युवा महोत्सव के पोस्टर का किया विमोचन, प्रेस कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के दौरान होने वाले प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की दी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी बिलासपुर में 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित राज्य युवा महोत्सव-2025 में 3100 युवा भागीदारी करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी 14 विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राज्य युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागी अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। 23 दिसम्बर को महोत्सव के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ की मेजबानी में होने वाले प्रथम खेलो इण्डिया ट्रायबल गेम्स की लॉन्चिंग सेरेमनी भी होगी। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रम भी होंगे।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज प्रेस-कॉन्फ्रेंस में राज्य युवा महोत्सव के दौरान होने वाले प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार और संचालक तनूजा सलाम भी प्रेस-कॉन्फ्रेंस में मौजूद थीं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में बताया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को निखारने तथा राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करने राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 के तारतम्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में युवा महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन 24 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक किया गया था। जिला स्तर पर 14 विभिन्न विधाओं के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सेदारी करेंगे। राज्य युवा महोत्सव में 14 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें 8 दलीय विधाएं और 6 एकल विधाएं शामिल हैं। दलीय विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, रॉक बैंड और एकांकी की प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं एकल विधाओं में वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार (साइंस मेला) और पारंपरिक वेशभूषा शामिल हैं। 23 दिसम्बर को उद्घाटन समारोह के दिन राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आरूग बैण्ड (अनुज शर्मा) की प्रस्तुति तथा नारायणपुर के प्रसिद्ध मल्लखंब का प्रदर्शन किया जाएगा। 23 दिसम्बर को ही बिलासपुर पुलिस ग्राउंण्ड में रात साढ़े 8 बजे से कवि सम्मेलन होगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं अन्य कवि कविता पाठ करेंगे।

विजेताओं को प्रथम 20, द्वितीय 15 और तृतीय को 10 हजार पुरस्कार

राज्य युवा महोत्सव में दलीय विधाओं में प्रथम स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 20 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 15 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। एकल विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5 हजार रुपए, 3 हजार रुपए एवं 2 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। महोत्सव में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। राज्य युवा महोत्सव में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की 5 विधाओं लोकनृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, चित्रकला और कविता लेखन के विजेता प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 में भागीदरी करेंगे। राज्य युवा महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों के गायन, बैण्ड परफॉर्मेंस, कवि सम्मेलन जैसे विविध आयोजन भी होंगे।

■ न्यूज गैलरी

राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम सीएमडी कॉलेज मैदान में आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के गठन के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन की उपलब्धियों जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सीएमडी कॉलेज मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेले के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की नीतियों, योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचना है। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोग यहां महिला समूह सस्वाद द्वारा बनाए गए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की विविधता, स्वाद और संस्कृति का आनंद ले सकेंगे। यहां स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी देखने को मिलेगी और लोग खरीदारी भी कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न प्रमुख योजनाओं पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें प्रश्नोत्तरी, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल गतिविधियां व विभिन्न भागीदारी कार्यक्रम शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी रोचक और सरल तरीके से दी जाएगी।

दिनदहाड़े दुकान संचालक को रोका, विरोध करने पर भागे बाइक सवार

तीन युवकों ने बंदूक की नोक पर सोने की चेन लूटने की कोशिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में आज सुबह करीब 7 बजे दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर लूट की कोशिश की गई। बदमाशों ने दुकान संचालक को रोककर सोने की चेन लूटने की कोशिश की। शोर मचाने पर बदमाश फरार हो गए। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के जबड़ापारा का है।

जानकारी के मुताबिक लखन लाल देवांगन 46 वर्ष मिशन अस्पताल रोड स्थित लखीराम ऑडिटोरियम के सामने नीटी स्वीट्स नाम से दुकान संचालित करते हैं। आज सुबह वो स्कूटी से दुकान जा रहे थे, तभी जबड़ापारा इलाके में बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि एक बदमाश ने दुकानदार पर बंदूक तान दी, जबकि दूसरे युवक के हाथ में भी बंदूक थी। तीसरे आरोपी ने सोने की चेन लूटने की कोशिश करते हुए गोली मारने की धमकी दी। दुकानदार घबरा गया, लेकिन उसने जोर-जोर से शोर मचाया और बदमाशों का विरोध किया। दुकानदार के शोर मचाने और आसपास लोगों के आने की आशंका से घबराकर आरोपी बिना लूट किए ही बाइक से मौके से फरार हो गए। उस समय सड़क पर आवाजाही कम थी, फिर भी शोर सुनकर कुछ लोग बाहर आए, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। अचानक हुए इस घटनाक्रम से दुकानदार कुछ पल के लिए घबरा गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और जोर-जोर से शोर मचाते हुए बदमाशों का विरोध किया। दुकानदार के शोर मचाने और आसपास लोगों के निकलने की आशंका से घबराकर आरोपी बिना लूट किए ही बाइक से मौके से फरार हो गए। उस समय सड़क पर आवाजाही कम थी, फिर भी शोर सुनकर आसपास के कुछ लोग बाहर आए, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक आरोपी ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था, जबकि दो आरोपियों के पास बंदूक थी।

आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक आरोपी ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था, जबकि दो आरोपियों के पास बंदूक थी। पुलिस ने पीड़ित से आरोपियों के हुलिए और बाइक के संबंध में जानकारी ली है। फिलहाल, अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

कोलवाशरी की जनसुनवाई स्थगित किया जाए: अटल श्रीवास्तव

■ भाजपा जनप्रतिनिधि व सरपंचों ने अटल श्रीवास्तव से जनसुनवाई निरस्त करने मांग की

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम अमाली में मेसर्स विराज अर्थ फ्यूजन प्रा.लि द्वारा कोलवाशरी स्थापित किया जा रहा है। जिसकी जनसुनवाई 22 दिसंबर को निर्धारित की गई है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने जनसुनवाई को स्थगति करने एसडीएम कोटा को पत्र लिखा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि ग्राम अमाली में कोलवाशरी स्थापित हो रहा है जिसमें अमाली के आसपास के 20 ग्राम प्रभावित हो रहा है। जनसुनवाई का कार्यक्रम प्रभावित ग्राम में नही करके शा. निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में किया जा रहा है जबकि 22 दिसंबर को शा.निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में दो पाली में सेमेस्टर परीक्षा भी आयोजित है महाविद्यालय में जनसुनवाई होने से परीक्षार्थियों को समस्या होगी अटल श्रीवास्तव ने कोटा एसडीएम को पत्र लिखते हुये कोलवाशरी के समस्त पर्यावरण प्रभाव आकलन पर्यावरण प्रबंधन प्लान एयर क्वालिटी रिपोर्ट डीपीआर जल एवं पर्यावरण अनुमति की रिपोर्ट रिस्क एवं डिजास्टर प्लान ग्राम सभा का प्रस्ताव सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रतिवेदन दस्तावेज उपलब्ध करवाने हेतु मांग करते हुये कलेक्टर बिलासपुर को अवगत कराया।

दो माह से वेतन नहीं, नगर पंचायत कर्मचारी हड़ताल पर

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर पंचायत में नियमित कार्यरत कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन का भुगतान नहीं किए जाने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारियों ने मजबूर होकर नगर पंचायत कार्यालय परिसर के बाहर हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण नगर पंचायत के दैनिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि वेतन ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। घर-परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, किराया, बिजली-पानी के बिल और रोजमर्रा की जरूरतें वेतन के भरोसे ही चलती हैं। लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें कर्ज लेकर घर चलाना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वेतन भुगतान को लेकर उच्च अधिकारियों,नगर पंचायत अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। हड़ताल के चलते साफ-सफाई, जल आपूर्ति, को बाधित नहीं किया गया है,कार्यालयीन कार्य सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हुई हैं। नगर के नागरिकों ने भी नाराज़गी जताते हुए कहा कि कर्मचारियों की गलती न होने के बावजूद उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

समय पर वेतन भुगतान प्रशासन की जिम्मेदारी

कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन भुगतान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन लापरवाही का खामियाजा कर्मचारियों और आम जनता दोनों को भुगतना पड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी शीघ्रता से हल करता है, या फिर कर्मचारियों का यह आंदोलन और व्यापक रूप लेता है। हड़ताल पर बैठे हुए कर्मचारी अरूण मानिकपुरी ने कहा की मेरे को हर माह 25 हजार रूपए लोन बंटाना पड़ता है, मैं वेतन के ही आश्रित हूं, वेतन नहीं मिलने से कर्ज लेकर पटना पड़ रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल यादव ने कहा की वसूली कम होने के वजह से कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला है,और कल कर्माचारियों से मिलकर बातचीत किया जायेगा।

बी.एल. मानिकपुरी का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। विनोबा नगर निवासी समाजसेवी एवं रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर बी.एल. मानिकपुरी का आज 19 दिसंबर को निधन हो गया। वे विगत कुछ महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा- पूरा परिवार छोड़ गए। वे संजय मानिकपुरी प्राचार्य, संदीप मानिकपुरी फोरमेन एसईसीएल, डा. बेला महंत असिस्टेंट प्रोफेसर, मंजु महंत, कामिनी महंत व्याख्याता, डा. अनुपमा धनंजय मेडिकल आफिसर के पिता तथा डा. फूलदास महंत असिस्टेंट प्रोफेसर, अशोक महंत, भारत प्रकाश, महंत बालको, रूपेश धनंजय कार्यपालन अभियंता के श्वसुर थे। उनका अंतिम संस्कार कल 20 दिसंबर शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे भारती नगर श्मशान घाट में किया जावेगा।

---

30 लीटर महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। 30 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित दो आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परिवहन में प्रयुक्त होण्डा एक्टीवा को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार नशे के आरोपियों पर लगातार कार्यवाही करने टीम गठित किया गया है। 18 दिसंबर को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि ग्राम रानीगांव में दो शराब कोचियों के द्वारा स्कूटी भरकर में भारी मात्रा में शराब बिक्री करने हेतु लेकर जा रहे हैं कि मुखबीर सुचना पर त्वरित कार्यवाही करने टीम रवाना किया गया। थाना रतनपुर पुलिस टीम द्वारा शराब कोचिये खिलेश्वर कंवर व सुनीता मरावी को स्कूटी होण्डा एक्टीवा में शराब ले जाते हुये पकड़े, उक्त आरोपियों के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6000 रूपये व परिवहन में प्रयुक्त होण्डा एक्टीवा को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

महुआ शराब सहित एक आरोपी पकड़ाया

घर के आंगन में रखकर कच्ची महुआ शराब बेचने वाले एक आरोपी को 8 लीटर शराब सहित कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोनी पुलिस को 18 दिसंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि इंद्र कुमार वर्मा नामक व्यक्ति निवासी ग्राम जलसों वर्मा मोहल्ला अपने घर के आंगन में हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब रखा हैं बेच रहा है कि मुखबिर सूचना पर कोनी पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर गवाहों के साथ घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई।

फरियादियों की सुनी समस्याएं, अधिकारी को दिए निराकरण के निर्देश

एसएसपी ने सिविल लाइन थाने का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सिविल लाइन थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में उपस्थित फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए रात्रि अधिकारी को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में सीसीटीएनएस कक्ष में सीसीटीएनएस ऑपरेटर से प्रणाली अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए रिकॉर्ड संधारण एवं अद्यतन की जांच की गई। रीडर शाखा में पासपोर्ट सत्यापन एवं चरित्र सत्यापन से संबंधित लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। विवेचक कक्ष में निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वयं पुराने लंबित अपराधों की केस डायरी का अवलोकन कर विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान उप निरीक्षक अमृत साहू द्वारा वर्ष 2024 के पूर्व से लंबित 13 प्रकरणों का निराकरण कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार एएसआई मस्तराम कश्यप, एएसआई विष्णु साहू एवं वरिष्ठ आरक्षक वीरेंद्र राजपूत द्वारा पूर्व से लंबित प्रकरणों के प्रभावी निराकरण में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए भी कैश रिवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाना प्रभारी द्वारा जप्त माल का सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नियमसम्मत संधारण संतोषजनक पाए जाने पर उन्हें भी नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। थाना प्रभारी सिविल लाइन द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु निरंतर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

वैभव भाजयुमो शहर अध्यक्ष ऋषभ को ग्रामीण की जिम्मेदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस नई टीम में बिलासपुर जिले में भाजपा के सीनियर लीडर अमर अग्रवाल के पसंद का खास ख्याल रखा गया है। यही वजह है कि उनके करीबी वैभव गुप्ता को शहर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बिलासपुर ग्रामीण युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर ऋषभ चतुर्वेदी की नियुक्ति की गई है। प्रदेश पदाधिकारी में भी बिलासपुर से गौरी गुप्ता को उपाध्यक्ष और सनी केसरी को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि, कार्य समिति में शहर विधायक अमर अग्रवाल के करीबी रौशन सिंह को सदस्य बनाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा की लिस्ट में ज्यादातर नाम विधायक अमर अग्रवाल समर्थकों का है। जबकि डिप्टी सीएम अरूण साव के साथ ही वरिष्ठ नेता और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत जैसे नेताओं के समर्थकों का नाम नहीं है, जिसके कारण उनके करीबी मायूस हैं। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष वैभव गुप्ता शहर विधायक अमर अग्रवाल के करीबी माने जाते हैं।

बैठक

डीआरएम राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय पीएनएम बैठक आयोजित

संगठन की उत्पादकता व कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना उद्देश्य: खोईवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में 17 एवं 19 दिसम्बर को मंडल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शों के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है।

इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता डीआरएम राजमल खोईवाल के द्वारा की गई। बैठक में एडीआरएम जे एस मीना, के श्रीनिवास भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमान मिश्रा एवं मंडल कार्मिक अधिकारी रुहीना तुफ़ैल खान द्वारा किया गया। बैठक में शाखाधिकारियों के अलावा साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री सहित बी कृष्णकुमार, लक्ष्मण राव, आर के यादव सहित सभी शाखा सचिव शामिल हुये। इस बैठक में मान्यता प्राप्त संगठन रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा उठाए गए कर्मचारी हित के सभी 64 एवं 10 स्पेशल मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान रेल कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे पदोन्नति, कर्मचारियों का पुनःतैनाती (रिडिप्लोयमेंट), कार्यस्थल की सुविधाएं, कर्मचारियों की सुरक्षा, कार्यस्थल में ही स्वास्थ्य सेवाएं की उपलब्धता, आवासीय सुविधाएं एवं अन्य कल्याणकारी नीतियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श व सहमति पश्चात अनेक मुद्दों को क्लोज भी किया गया। बैठक बहुत ही सकारात्मक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपंन हुई।

रेल प्रशासन कर्मियों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील

पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं डीआरएम राजमल खोईवाल ने मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है । हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मजदूर कांग्रेस द्वारा रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबन्धित उठाए गए सभी मुद्दो पर विधिसम्मत कार्रवाई पर ज़ोर देते हुए उन्होने आश्वस्त किया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी । साथ ही उन्होंने बैठक में उठाये गये सभी मुद्दों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए।

सुविचार

अकड़...। इस शब्द में कोई मात्रा नहीं होती लेकिन अलग-अलग मात्रा में यह हर किसी में मौजूद होती है। - अज्ञात

हिजाब हटाने के मामले को लेकर बवाल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के हिजाब को हटाने के मामले को लेकर बवाल बढ़ता ही जा रहा है। असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी के एक नेता इम्तियाज ने बयान दिया है कि यदि यह घटना उनके सामने होती तो वे नीतीश कुमार का एक हाथ तोड़कर दूसरे हाथ में रख देते। वहीं मुस्लिम धर्म गुरूओं ने भी इस घटना पर अपनी आपत्ति जताना जारी रखा है। बंगाल में तो इस हिजाब प्रकरण के खिलाफ बाकायदा आंदोलन छेड़ दिया गया है। गौरतलब है कि जिस डॉ. नुसरत परवीन का हिजाब हटाया गया था उसने सरकारी नौकरी करने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि मैं अपमानित महसूस कर रही हूं क्योंकि इस घटना से मुझे गहरा आघात लगा है इसलिए अब वे सरकारी नौकरी नहीं करेंगी। उनके इस बयान के बाद नीतीश कुमार पर विपक्षी नेताओं के हमले तेज हो गये हैं और उनसे मांफी मांगने की और अपने पद से इस्तीफा देने तक की मांग कर रहे हैं। इसके जवाब में जदयू के नेता सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर रहे हैं। जिसमें राजस्थान के तात्कालन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसे ही एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान एक हिन्दू महिला का घुंघट हटा देते हैं और वहां उपस्थित अन्य लोग हंसने लगते हैं। कुल मिलाकर इन मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है। इस बीच उत्तरप्रदेश के मंत्री संजय निषाद ने इस घटना को लेकर और भी विवादास्पद बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया है। संजय निषाद ने कहा है कि नीतीश कुमार ने सिर्फ हिजाब ही हटाया था जिससे इतना बवाल हो रहा है यदि वे कहीं और हाथ लगा देते तो क्या होता? संजय निषाद का यह वाहियात बयान संपूर्ण महिलाओं का घोर अपमान है। समझ में नहीं आता कि ऐसे लोग कैसे नेता और मंत्री बन जाते हैं जो इस तरह के आपत्तिजनक बयान देने का और नारी शक्ति के अपमान करने का हौसला जुटा लेते हैं। इस मामले में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। जब उनसे पत्रकारों ने इस बात पर प्रतिक्रिया चाही कि नुसरत परवीन ने हिजाब हटाए जाने की घटना से आहत होकर सरकारी नौकरी करने से इंकार कर दिया है तो गिरिराज सिंह ने कहा कि मत करें नौकरी जहन्नुम में चली जाये। उनका यह बयान भी घोर निंदनीय है। नेताओं को संवेदनशील मामलों में इस तरह के बयान देने से परहेज करना चाहिए उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब कुछ देख और समझ रही है और वक्त आने पर ऐसे बड़बोले नेताओं और उनकी पार्टी को सबक सिखाने से नहीं चूंकेगी।

फिर सेना के शौर्य पर सवालिया निशान

भारतीय सेना के शौर्य पर एक बार फिर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चाव्हाण ने सवालिया निशान लगा दिया है। पहलगाम में हुए आतंकी घटना के बाद जब भारतीय सेना ने पड़ौसी देश पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर उसके आतंकी अड्डों के साथ ही दस प्रमुख ऐयरबेसों को तबाह कर दिया था और इससे पाकिस्तान की कमर टूट गई थी। आपरेशन सिंदूर की सफलता को विपक्ष के कई नेता पचा नहीं पा रहे हैं और इस पर उन्होंने पहले भी प्रश्नचिन्ह लगाया था जबकि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के बारे में सब कुछ प्रमाण सहित बता दिया था। अब पृथ्वीराज चाव्हाण ने इस बारे में पाकिस्तान की भाषा बोलते हुए कहा है कि आपरेशन सिंदूर के पहले दिन भारत की हार हुई थी उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि भारतीय सेना को और किसी काम पर लगाना चाहिए। निश्चित रूप से पृथ्वीराज चाव्हाण का यह बयान भारतीय सेना का अपमान है और इसके लिए उन्हें सेना से और देश से मांफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह उनका व्यक्तिगत बयान है। किन्तु कांग्रेस पार्टी इस तरह पृथ्वीराज चाव्हाण के बयान से किनारा नहीं कर सकती। वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी को उनके खिलाफ अनुशानात्मक कार्यवाही करनी चाहिए ताकि इससे अन्य नेताओं को सबक मिल और वे भारतीय सेना के शौर्य पर सवालिया निशान लगाने का दुस्साहस न करें। जब तक ऐसे बयानवीर नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाएगी वे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस तरह के विवादित बयान देने से बाज नहीं आएंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ अवतरण उसी को कहते हैं कि जब अनंत जीवों को कष्ट में पड़ा हुआ देख करके वो परमात्मा घनीभूत होकर नीचे मनुष्य का शरीर लेके आ जाते हैं। हमारी तुम्हारी तरह ही बर्ताव करने लगते हैं। हमे तुम्हें गले लगा करके कभी किसी शबरी के झूठे बेर खा करके, पता नही क्या-क्या लीलाएं करते हैं और हमें ऊपर उठाता है। हमें वो समझ देता है जिस समझ से हम भी प्रेममय होकर जी सके, संतोषमय हो कर जी सके इसलिए आपसे मैं एक ही बात कहूंगा 'कृष्ण से प्रेम करिए, राम से करिए!'

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1971 - जरनल याह्या ख़ाँ द्वारा पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र, जुल्फिक्कार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने। 1973 - यूरोपीय देश स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमिरल लुईस करेरो ब्लांको की मैड्रिड में एक कार बम हमले में मौत। 1976 - इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 1985 - तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड रुपये की कीमत वाला हीरा जडित मुकुट चढाया गया। 1988 - संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी। 1991 - पॉल कीटिंग आस्ट्रेलिया के नये प्रधानमंत्री बने। 1990 - भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए। 1993 - भारत और यूरोपीय संघ के बीच ब्रसेल्स में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गये। 1998 - बिल क्लिंटन और कैनेथ स्टार को टाइम मैगजीन ने पर्सन ऑफद इयर घोषित किया।

डॉ. ओपी त्रिपाठी

वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। नबीन के सामने 2028-29 की राजनीतिक चुनौतियां भी गंभीर होंगी, क्योंकि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः मोदी प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहेंगे, लिहाजा एक वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता होगी। उसकी तैयारी भी 2026 से शुरू करनी पड़ेगी। बहरहाल पहली बार कोई बिहारी नेता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर पहुंचा है, लिहाजा बिहार का गदगद होना स्वाभाविक है। नबीन की छवि शालीन और जुझारू नेता की रही है। यह भाजपा में ही संभव है कि कोई अज्ञात, अनजान या कम चर्चित चेहरा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर पहुंच सकता है। नए अध्यक्ष का जिस तरह स्वागत हो रहा है, उससे पता चलता है कि पार्टी में नई नियुक्ति को लेकर काफी उत्साह है। अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा के अलावा कई पार्टी नेताओं ने नए अध्यक्ष को बधाई दी है। यहां तक कि दूसरे दलों में राष्ट्रीय जनता दल ने भी उनको बधाई दी है। नबीन संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेता हैं। आने वाले समय में कई राज्यों में चुनाव होने हैं। इन चुनावों में उनकी पहली परीक्षा होगी। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वे बिहार सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में उनके पास पर्याप्त अनुभव है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वे पार्टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए बीजेपी को और मजबूत बनाएंगे।

नितिन नबीन की नियुक्ति ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाया

भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बांकीपुर सीट से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन सिन्हा को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है।

नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में जेपी नड्डा के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष का कोई औपचारिक पद नहीं है। लेकिन साल 2019 के बाद से बीजेपी में पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की एक परंपरा शुरू हुई है। बीजेपी में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कब होगा अभी यह स्पष्ट नहीं है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में पार्टी के शीर्ष नेताओं के हवाले से दावा किया जा रहा है कि अगले साल जनवरी में ये प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी जनवरी तक ही है। नितिन नबीन के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पहले पार्टी में सिर्फ़ जेपी नड्डा ही अध्यक्ष बनने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं। 2019 में जब बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री बने तब पार्टी ने पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले जेपी नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक रूप से सबसे बड़ा पद है।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक-दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति चुनाव से होती है जो आमतौर पर गुप्त बैलेट के ज़रिए होता है। हालांकि आमतौर पर पार्टी अध्यक्ष

आम सहमति से निर्विरोध ही चुने जाते रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य कार्यकारिणी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मतदान करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम आधे राज्यों में पार्टी की ज़िला, मंडल और राज्य स्तरीय पदों के लिए नियुक्तियां पूरी हो जानी चाहिए। बीजेपी ने देश के 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 30 में संगठन के पदों के लिए चुनाव पूरे कर लिए हैं। पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है और अधिकतम एक व्यक्ति लगातार दो कार्यकाल पूरे कर सकता है। बीजेपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में लंबा समय लगता है। आम सहमति से लेकर आंतरिक चुनाव इसका मुख्य कारण होते हैं।

जेपी नड्डा जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बने थे और फिर जनवरी 2020 में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया था। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय- के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं।

जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह 'नबीन' प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं।

अलबत्ता उनकी पहचान कभी 'राष्ट्रीय' नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है।

उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाममोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा 'शून्य' है।

बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके।

राजेश माहेश्वरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी वोट चोरी के आरोपों के द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी को घेरने का काम करते रहे हैं, लेकिन इस मामले का एक पक्ष यह भी है कि इंडिया गठबंधन के कई दूसरे दल भी कांग्रेस के इन आरोपों से सहमत नहीं हैं। स्वयं कांग्रेस के कई नेताओं ने भी वोट चोरी और ईवीएम पर विवाद खड़ा करने की बजाय अपना प्रदर्शन सुधारने की बात कही थी। कुछ ही दिन पूर्व जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि वे वोट चोरी के आरोपों से सहमत नहीं हैं। बिहार चुनाव में कांग्रेस ने वोट चोरी को मुद्दा बनाया था। राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली थी। लेकिन उस समय से ही ये बातें लोगों के सामने आ रही थीं कि राजद वोट चोरी के आरोपों से सहमत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि बिहार में एसआईआर को मुद्दा बनाने के बाद भी विपक्ष को करारी हार का सामना करना पड़ा।

चुनाव सुधार के गंभीर प्रयास होने चाहिए

चुनाव सुधार से तात्पर्य किसी देश में चुनावी प्रक्रिया की दक्षता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से किये गए व्यवस्थित परिवर्तनों से है। भारत जैसे लोकतंत्र में, चुनाव राजनीतिक वैधता और नागरिक भागीदारी की आधारशिला होते हैं। इसलिये, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतांत्रिक शासन को बनाए रखने के लिये मूलभूत आवश्यकता है। हालाँकि, समय के साथ, चुनावी प्रक्रिया को धन और बल का दुरुपयोग, राजनीति का अपराधीकरण, राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र की कमी और मतदान में कम भागीदारी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इन मुद्दों पर काबू पाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता को बनाए रखने के लिये चुनावी सुधार अनिवार्य हो गए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य कानूनी ढाँचे को मज़बूत करना, संस्थागत तंत्र में सुधार करना और चुनावी प्रणाली में जनता का विश्वास बहाल करना है। संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने तथा संसद और राज्य विधानसभाओं के लिये चुनाव कराने का अधिकार प्रदान करता है।

ताजा संदर्भ यह है कि लोकसभा में चुनाव सुधार के मुद्दे पर बहस हुई, लेकिन कोई सुधार या संवैधानिक संशोधन सामने नहीं आया। सरकार की ओर से भी कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया कि अमुक सुधार किए जा सकते हैं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बहस थी। चुनाव सुधार की आड़ में 'वोट चोरी' का आरोप संसद के भीतर गूंजता रहा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत, साठगांठ से चुनाव जीते जाने का बेहद गंभीर आरोप चस्पां किया। उन्होंने मौजूदा चुनाव आयुक्तों को लगभग धमकी दी कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो आपको ढूंढ कर दंडित किया जाएगा, क्योंकि 'वोट चोरी' के जरिए आपने 'लोकतंत्र-चोरी' का काम कराया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं। भाजपा की केंद्र और विभिन्न राज्यों के चुनावों में जीत को भी वे 'वोट चोरी'

से जोड़ते रहे। बुधवार को संसद में चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के सभी सवालों का जवाब देने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि देश के आजाद होने से कुछ वर्ष पहले तक मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति केवल तत्कालीन प्रधानमंत्री ही किया करते थे। 45 दिनों के अंदर सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने का काम भी पहले से निर्धारित नियमों के आधार पर किया जाता है। लेकिन क्या कांग्रेस शाह के जवाबों से संतुष्ट होगी? अब कांग्रेस की रणनीति क्या रह सकती है?

अमित शाह के संबोधन के दौरान कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। लेकिन अमित शाह ने बताया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया नियमों के आधार पर चल रही है। देश के आजाद होने के समय ही चुनाव कराने के कुछ नियम-कानून बनाए गए थे। चुनाव उसी प्रक्रिया से कराए जा रहे हैं। लेकिन अब उन्हीं नियमों पर चुनाव होने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शाह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पहले विपक्ष की कोई भूमिका नहीं होती थी, लेकिन अब नेता विपक्ष को उसमें शामिल किया जाता है जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

कांग्रेस सरकारों के द्वारा पूर्व में मुख्य चुनाव आयुक्तों को अपनी सरकार में मंत्री बनवाने और उन्हें चुनाव लड़ाने का मुद्दा उठाकर शाह ने यह बताने की कोशिश की कि मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और उन्हें बाद में लाभ देने के मामले में कांग्रेस बेदाग नहीं है। शाह ने कहा कि एसआईआर के द्वारा केवल उन घुसपैठियों को बाहर किया जा रहा है जो देश के बाहर से आए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने इस कानूनी संशोधन पर भी सवाल उठाया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तय करने वाले पैनल में से देश के प्रधान न्यायाधीश को क्यों हटाया गया? चुनाव आयुक्तों के किसी भी फैसले अथवा काम के मद्देनजर उन्हें इम्युनिटी, कानूनी छूट, क्यों दी गई है? उनके खिलाफ कोई भी कानूनी केस दायर क्यों नहीं किया जा सकता? सीसीटीवी की फुटेज चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के 45 दिन बाद नष्ट क्यों की जाए? यह कानून गलत और भ्रामक है। नेता प्रतिपक्ष कांग्रेसी सत्ता के इतिहास को नहीं जानते, जब सरकार, यानी प्रधानमंत्री ही, मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन और नियुक्ति करते थे। बाद में उन्हें मंत्री भी बना दिया जाता था अथवा किसी उच्च ओहदे पर बिठा दिया जाता था। तब सत्ता न तो संसद और न ही देश के प्रति जवाबदेह होती थी। तब नेता प्रतिपक्ष को इतना भी अधिकार नहीं था कि वह अपनी 'असहमति'जता सकता।

कमोबेश आज प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के चयन-पैनल में विपक्ष का प्रतिनिधि अपनी असहमति का नोट तो दर्ज करा सकता है। राहुल गांधी वोट चोरी का जो आरोप लगा रहे हैं । उनका आरोप है कर्नाटक में फॉर्म 7 के जरिये बड़े पैमाने पर नाम काटे गए और इसके लिए जिनकी आईडी का इस्तेमाल हुआ, उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। अब यह बात समझ से परे है कि चुनाव आयोग ने जांच को रोकने की कोशिश की और सहयोग नहीं किया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत विरानी सी है

बहुत विरानी सी है जिंदगी में तुम को गए तो एक अरसा हो गया तुम्हारे जाने का गम वो भी अब रहा नही गम के जाने से ही विरान हुई जिंदगी वो जो जीने का सहारा रहा अब जरा ना रहा क्या करें कि फिर वो मिले गम इश्क का अब इश्क ही ना होगा हमसे तो गम क्या मिलेगा अब ये सूनापन ना भरेगा अब तू प्रीत में जी ले ऐ मीत गम आएगा भी अगर तो अबकी मर लेना ये विरानी ना आने देना अबकी मुहब्बत ना जाने देना बहुत विरानी सी है.... बस यूं ही

- प्रीति श्रीवास्तव

जिसको आप कद्दावर

जिसको आप कद्दावर नेता कह रहे हैं वह अपने हित के लिए देश के हितों के विरुद्ध काम करने वाले टटपूंजियों की टोली का कारिंदा मात्र है अपने मालिक के विदेश जाने पर देश में एक अलग बहस छेड़ने का जॉब वर्क उसने कर दिया । इस गिरोह का सर्वप्रथम हित गिरोह गिरोह का मालिक और खुद के हित ही होते हैं इसके अलावा ये कुछ सोच ही नहीं सकते।

- नवीन शंकर शर्मा

सोशल मीडिया में आ रही खबरों के

सोशल मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित देश कई राज्यों में आरक्षण और एससी-एसटी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज के लोग आंदोलन कर रहे हैं. लेकिन अखबारों और न्यूज चैनलों में ऐसी खबरें नहीं आ रही. आखिर सच्चाई क्या है ? क्या सवर्ण सचमुच आंदोलित हैं ? **- अनिल पांडेय**

तू अपनी खुबिया ढूढ़ खामियां निकालने

तू अपनी खुबिया ढूढ़ खामियां निकालने वाले लोग हैं न अगर रखना है कदम तो आगे रख क्योंकि पीछे खींचने को लोग है न सपने देखने है तो ऊंचे देख नीचे गिराने को लोग हैं न प्यार करना हैं तो खुद से कर नफ़रत करने को लोग हैं न अगर लोगों का काम भी आप ही सोचने लगोगे ??तो लोग क्या करेंगे। **- हेमा पांडेय**

जिंदगी कितनी आसान होती है,

जिंदगी कितनी आसान होती है, जब दिल में कोई बोझ नहीं होता।

कुछ चीजें जिंदगी में ऐसी होती है, जिसे खोने के बाद समझ आता है, वो सबसे बड़ी पूंजी थी। जिंदगी में सफलता कोई बड़ी बात नहीं पर सुकून हर सफलता में नहीं। **- अजय साहू**

अनुपम कुण्डलिया लिखें, दोहा रोला

अनुपम कुण्डलिया लिखें, दोहा रोला संग। छंद गेयता कल प्रमुख, बरसे फागुन रंग। बरसे फागुन रंग , होलिका वृन्दावन में। लोककथा अनुरूप , रास कान्हा निधिवन में। कहे राज चितलाय, मधुर स्वर साधक सरगम। रचना विविध प्रकार ,ध्यान योगी का अनुपम। **- राजकिशोर मिश्र**

गज़ल के काफ़िया संग बैठाया रदीफ़.

गज़ल के काफ़िया संग बैठाया रदीफ़. बना मिसरा.. मुस्कुराया शे र.. बात ठहरी वाह के अंदाज़ में.. गज़ल ने सुनाया दिल का अशआर.. दर्द ने गुनगुनाया मन का हाल कि ग़ज़ल के धुन में निकल पड़ा गज़ब का शे र.. और गूँज उठा हर तरफ़. ग़ज़ल का शोर...!! मेरी रूह - **नंदिता तनुजा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज परिस्थितियां विपरीत रहेंगी। स्वास्थ्य लापरवाही के कारण ख़राब होगा। आर्थिक विषयो के फैसले सोच समझ कर ही करें हानि हो सकती है।

वृष: आज के दिन आप विरोधियो पर विजय पाएंगे। स्वभाव में दिखावे का क्रोध रहेगा अंदर से दयालु रहेंगे ध्यान रहे अधिक परोपकारी स्वभाव हानि भी करा सकता है।

मिथुन: आज का दिन मिश्रित रहेगा। वर्जित कार्यो की और आसानी से आकर्षित हो जाएगे। सरकार अथवा रिश्तेदारो से अशुभ समाचार मिल सकते है।

कर्क: आज के दिन आप कार्यो में लापरवाही करेंगे जिससे कार्य में विलम्ब के साथ अन्य लोगो को असुविधा रहेगी। कार्य करते हुए भी मन कही और भटकेगा।

सिंह: आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। ज्यादा उलझनों वाले कार्यो से दूर रहेंगे। अकारण क्रोध के प्रसंग बनने से अशांति रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। धन लाभ आवश्यकता के समय नहीं होगा लेकिन थोड़ा बहुत अवश्य होगा। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या: आज के दिन आप धन लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु आशा के अनुसार नहीं होगा। मन कल्पनाओं के संसार में खोया रहेगा। धन कोष में कमी आएगी।

तुला: आज आप अत्याधिक भावुक रहेंगे आपसी संबंधों में स्वयं को ठगा सा महसूस करेंगे। आज मन की बात किसी से ना बाटें लोग सहायता की जगह हंसी उड़ाएंगे। धार्मिक गतिविधियों में समय देने से शान्ति मिलेगी।

वृश्चिक: आज के दिन आप अपने मन की ज्यादा सुनेंगे कार्यो में किसी का दखल आपको सहन नहीं होगा नाही आज किसी अन्य पर जल्दी से विश्वास करेंगे।

धनु: आज आप प्रत्येक कार्यो को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे एवं मन में डर सा बना रहेगा। सन्तानो की आवश्यकता समय पर पूरी करें।

मकर: आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष शुभ रहेगा निकट संबंधियों से अचानक भेंट होगी मन प्रसन्न रहेगा परन्तु किसी के तानों को अनदेखा करें शान्ति बनी रहेगी।

कुंभ: आज का दिन शुभ है। स्वास्थ्य की तरफ से निश्चिन्त रहेंगे। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा कार्यो को बेहतर तरीके से करेंगे। महिलाये आपकी और आकर्षित होंगी।

मीन: आज के दिन परिस्थितियां अनुकूल बन रही है। सेहत में सुधार आएगा कार्यो में गंभीरता से लगे रहेंगे। आज आप जिस कार्य में रुचि लेंगे उसे कर के ही मानेंगे चाहे हानि ही क्यों न हो। भाई बंधुओ के व्यवहार में स्वार्थ अधिक रहेगा।

QUIZ TIME

1) 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम भारत में किस स्वतंत्रता सेनानी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है?

2) उत्तराखंड सरकार ने अपनी पहली वाइन पर्यटन पहल किस शहर में शुरू की है?

3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?

4) खबरों में देखा गया इलात की खाड़ी किस सागर में स्थित है?

5) हाल ही में दिवंगत रामकांत रथ किस क्षेत्र से जुड़े थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- [illegible]

शब्द सागर

पुलिसकर्मियों का बढ़ेगा भत्ता वेतन-भत्ता पुनरीक्षण कमेटी की सिफारिश

■ प्रतिमाह 5 हजार विशेष रिस्पांस एलाउंस दिया जाए

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के पुलिस कर्मियों का वेतन भत्ता पुनरीक्षण के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कमेटी ने अलग-अलग भत्ते की जगह विशेष पुलिस रिस्पांस एलाउंसेस के रूप में आरक्षक से लेकर निरीक्षक स्तर के पुलिस कर्मियों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए देने की सिफारिश की है। कमेटी की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। अब इस रिपोर्ट पर गृह विभाग को फैसला लेना है। कमेटी के अध्यक्ष एडीजी एसआरपी कल्लुरी हैं। कमेटी में डीआईजी अरविंद कुजूर, मनीष शर्मा, वित्त नियंत्रक शंकर झा, एआईजी रोहित झा और अंशुमन सिसोदिया सदस्य हैं।

प्रदेश के पुलिस कर्मियों का वेतन भत्ता पुनरीक्षण के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है

भत्तों में बढ़ोतरी की सिफारिश

कमेटी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्य प्रकृति और अन्य राज्यों में प्रचलित भत्तों का तुलनात्मक अध्ययन कर भत्तों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता के अनुक्रम में मुद्रा विनिमय दरों का सूक्ष्म पुनरीक्षण किया। साथ ही अनुशंसा सरकार को दी है। कमेटी ने पौष्टिक आहार भत्ता सौ रुपए से बढ़ाकर एक हजार रुपए, वर्दी धुलाई भत्ता 60 से बढ़ाकर 5 सौ रुपए, और रायफल भत्ता 200 और 300 की जगह एक हजार रुपए देने की अनुसंशा की गई है। इसके अलावा राशन भत्ता दो हजार रुपए, एसपीएफके लिए 22 सौ, निश्चित यात्रा भत्ता 75 और 100 रुपए से बढ़ाकर एक हजार, वाहन भत्ता सौ रुपए से बढ़ाकर 15 सौ रुपए, वर्दी भत्ता 8 सौ से बढ़ाकर प्रत्येक तीन वर्ष के लिए 4 हजार रुपए करने का सुझाव दिया है।

कमेटी ने वेतन-भत्तों की समीक्षा कर 5 बैठकें की और अन्य राज्यों में प्रचलित भत्तों का अध्ययन किया। साथ ही विभिन्न संगठनों से प्राप्त आवेदनों पर भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से पुलिसकर्मी अलग-अलग मदों में भुगतान किए जाने वाले भत्ते की दर में बदलाव करने की मांग कर रहे थे।

पुलिसकर्मियों की मांग के अनुसार ही समिति का गठन किया गया था। पुनरीक्षण समिति ने अब तक दिए जाने वाले भत्ते का अवलोकन किया, तो ये पाया कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए बेहद कम भत्ते का भुगतान किया जा रहा है।

विशेष रिस्पांस एलाउंस का विकल्प

कमेटी ने यह भी विकल्प सुझाया है कि राशन भत्ता और वर्दी भत्ता को छोड़कर बाकी भत्ता को समाप्त किया जा सकता है। अराजपत्रित पुलिस कर्मियों के उसके स्थान पर विशेष पुलिस रिस्पांस एलाउंसेस के रूप में 5 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक के समस्त संवर्ग के पुलिसकर्मियों को भुगतान किए जाने की अनुशंसा की है।

मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाना भाजपा की राजनैतिक दिवालियापन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मनरेगा कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाने का निर्णय भाजपा की गांधीजी के प्रति विद्वेष को दर्शाता है। यह भाजपा का राजनैतिक दिवालियापन है। गांधीजी श्रम की गरिमा, सामाजिक न्याय और सबसे गरीबों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी के प्रतीक रहे है। यह नाम परिवर्तन गांधीजी के मूल्यों के प्रति भाजपा-आरएसएस की दीर्घकालिक असहजता और अविश्वास को दर्शाता है तथा एक जन-केंद्रित कल्याणकारी कानून से राष्ट्रपिता के जुड़ाव को मिटाने का प्रयास है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार ने महात्मा गांधी नेशनल रोजगार गारंटी (मनरेगा) के रूप में रोजगार को कानूनी गारंटी दिया था लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा की साय सरकार का नाम बदलकर बंद करने की साजिश कर रही है। मोदी सरकार मनरेगा को बंद करना चाहती है।

नए साल से पहले ड्रग्स पर बड़ी कार्रवाई

रायपुर रेलवे स्टेशन के बाहर 80 लाख की कोकीन जब्त, युवक गिरफ्तार

■ रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस ने 16.56 ग्राम कोकीन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर से नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की खबर सामने आई है। रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस ने एक युवक को कोकीन ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 16.56 ग्राम कोकीन बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है।

16.56 ग्राम कोकीन जब्त

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 16.56 ग्राम कोकीन मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से इसकी कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है।

स्टेशन के बाहर हुई कार्रवाई

पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के बाहर संदिग्ध गतिविधि देखी जा रही है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची टीम ने युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली, जिसमें कोकीन बरामद हुई।

नए साल के जश्न के लिए खपाने की आशंका

पुलिस को आशंका है कि आरोपी यह कोकीन नए साल के जश्न के दौरान खपाने की फिराक में था। इस एंगल से भी जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह तो नहीं है।

आरोपी से पूछताछ जारी

फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कोकीन कहां से लाई गई और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

गंज थाना क्षेत्र का मामला

यह पूरी कार्रवाई गंज थाना क्षेत्र में की गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कांग्रेस सरकार में 14 लाख 85 हजार से अधिक पीएम आवास बने

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश में 14,85,142 से अधिक शहरी एवं ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास का निर्माण हो चुका था एवं 8 लाख से अधिक प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास की राज्यांश की राशि 3,200 करोड़ रुपए कांग्रेस सरकार ने केंद्र के पास जमा करवा दी थी। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 18 लाख नया प्रधानमंत्री आवास देने का जो वादा किया था वह गरीबों के साथ धोखा और छल साबित हुआ है। बीते 2 साल में 18 लाख नया प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हुए हैं, बल्कि भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री आवास ने बुलडोजर चलाकर तोड़ने का काम किया है। जो भी प्रधानमंत्री आवास बना है वह कांग्रेस सरकार के दौरान ही बना है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश के पांच संभाग के सभी जिला में तेजी से प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण निर्माण किया गया था रायपुर संभाग जिला रायपुर 29480, बलौदाबाजार 45373, धमतरी 40388, गरियाबंद 45902, महासमुंद 73266, सरगुजा संभाग जिला बलरामपुर 44188, जशपुर 61784, कोरिया 13416, है जो केंद्र के स्वीकृत 1176142 ग्रामीण आवास है।

जहाँ बंदूकें खामोश हुईं, वहाँ भविष्य की नींव रखी जा रही

■ पुनर्वास केंद्र में 35 आत्मसमर्पित नक्सली बने राजमिस्त्री

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से सुकमा में पुनर्वास नीति बनी मिसाल

रायपुर/नवप्रदेश। कभी जिन हाथों में बंदूकें थीं, आज उन्हीं हाथों में औज़ार हैं। कभी जिन रास्तों पर हिंसा और डर का साया था, आज वहीं विकास और भरोसे की नींव रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील सोच और स्पष्ट मंशा के अनुरूप सुकमा जिले में आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की एक नई और सकारात्मक तस्वीर उभरकर सामने आई है। वहाँ पुनर्वास केंद्र में रह रहे 35 आत्मसमर्पित नक्सलियों को राजमिस्त्री (मेसन) का व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है।

यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन और एसबीआई आरसेटी के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 महिलाएं और 20 पुरुष शामिल हैं। इन्हें भवन निर्माण से जुड़े सभी आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल–जैसे नींव निर्माण, ईंट चिनाई, प्लास्टर कार्य, छत ढलाई, गुणवत्ता मानक का व्यवस्थित और चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि ये किसी भी निर्माण कार्य में दक्षता के साथ काम कर सकें।

यह पहल केवल रोजगार प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसमर्पित युवाओं के जीवन को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम बन रही है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये युवा प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण)के तहत जिले में अधूरे और नए आवासों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इससे एक ओर उन्हें स्थायी और सम्मानजनक रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही कुशल राजमिस्त्रियों की कमी भी दूर होगी। कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव ने इस पहल को सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि आत्मसमर्पण का वास्तविक अर्थ केवल हथियार छोड़ना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ लौटना है।

22 को जांजगीर आएंगे नड्डा, भाजपा ने झोंकी ताकत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के दो साल पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार 22 दिसंबर को पुलिस ग्राउण्ड जाजंगीर में बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा शामिल होंगे। उनके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व मंत्रिमंडल समेत दिग्गज नेता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने स्थल निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। तय कार्यक्रम के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा 22 दिसंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के पुलिस ग्राउण्ड में आयोजित समा को संबोधित करेंगे। यहां दोपहर में सभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के साथ राष्ट्रीय व राज्य के दिग्गज नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम के पहले सुबह 11 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार एवं विधायक अनुज शर्मा द्वारा लोक संगीत आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन को लेकर प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने बुधवार 27 दिसंबर को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जांजगीर चांपा जिले की तीनों सीट पर कांग्रेस के विधायक

विधायक विहीन क्षेत्रों में ओपी और चंदेल ने संभाली कमान जांजगीर चांपा जिला ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र के पड़ोसी जिलों में भी भाजपा के एक भी विधायक नहीं हैं। जांजगीर चांपा जिले की तीनों सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। इसी तरह सक्ती जिले में भी तीनों सीट पर कांग्रेसी विधायक हैं। इतना ही नहीं सीमावर्ती जिले के विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी,कसडोल, सारंगढ़ और खरसिया तक में भी भाजपा का कोई विधायक नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रदेश स्तरीय इस आयोजन की कमान जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के साथ वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल समेत संगठन के लोगों ने संभाली है। भाजपा अब इस क्षेत्र में पूरी ताकत दिखाने की तैयारी में है, इसके लिए कार्यकर्ताओं को नए सिरे से रिचार्ज किया जा रहा है।

खेलों से नेतृत्व क्षमता-धैर्य, टीम भावना विकसित होती है : नवीन

■ महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के एनुअल स्पोर्ट्स का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है। शालेय जीवन में तो इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। खेलों के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, धैर्य, समन्वय, प्रेरणा और टीम भावना जैसे गुण विकसित होते हैं। व्यक्तित्व निर्माण में भी खेलों का बहुत महत्व है। कुछ लोगों के लिए, यह केवल शारीरिक गतिविधि या खेल की रणनीति नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है।

उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के एनुअल स्पोर्ट्स के शुभारंभ पर स्कूल के सह प्रभारी नवीन देशमुख ने व्यक्त किए। शुभारंभ अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि स्कूलों में खेलकूद बेहद ज़रूरी हैं। ये शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं और स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के मूल्यों का संचार करते हैं। खेलों को केवल पाठ्येतर गतिविधियों के रूप में देखने के बजाय, पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने कहा कि खेल खेलने वाले बच्चे न केवल अपनी उम्र के बच्चों के साथ, बल्कि टीम के बड़े और छोटे खिलाड़ियों, कोच, खेल अधिकारियों आदि के साथ भी बातचीत करना सीखते हैं। उनमें अपनेपन की भावना भी विकसित होती है और उन्हें नए दोस्त बनाने का मौका मिलता है। ये संवाद और सामाजिक कौशल उनके भविष्य के रिश्तों और कैरियर में मददगार साबित होते हैं। खेल का पहला तत्व जिस पर हम ध्यान केंद्रित करेंगे, वह है संतुलन। संतुलन खेल के मैदान के कई क्षेत्रों में होता है और पढ़ने-लिखने के कौशल के विकास के लिए आवश्यक है। स्कूल के उप प्राचार्य राहुल वोड़ितेलवार ने कहा कि दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में सभी क्लास के बच्चे भाग ले रहे है।

गुरु घासीदास जयंती समारोह में मंत्री देवांगन हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269 जयंती गुरु पर्व के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कल बालको नगर और टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में जैतखाम में पूजा-अर्चना कर राज्य एवं नगरवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। सतनाम कल्याण समिति बालको नगर द्वारा आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री श्री देवांगन सम्मिलित हुए। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी एक महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है।

इसी तरह टीपी नगर में सतनाम प्रांगण में मंत्री श्री देवांगन ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर सभी समाज जनों को गुरु पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सुशासन सरकार बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद और सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने तेजी से जनकल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गुरू घासीदास बाबा जी का संदेश एकता और शांति का मूलमंत्र है। जिस तरह गुरू घासीदास जी ने समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के उत्थान को अपना लक्ष्य बनाया, उसी तरह सरकार भी अंत्योदय को अपना लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, समिति के अध्यक्ष श्री नारायण लाल कुर्रे, सुनीता पाटले, श्री सत्येंद्र डहरिया, श्री आर डी भारद्वाज, श्री योगेश मिश्रा, पार्षद श्री लक्ष्मण श्रीवास, प्रेमलता बंजारे, धनकुमारी गर्ग और बालको नगर में समिति के अध्यक्ष श्री रमेश जाटवर ,उपाध्यक्ष श्री मंगल घृत लहरे, श्री संतोष बंजारे, श्री डायमंड बंजारे, सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में कोहरे को लेकर मौसम विभाग का अलर्ट

अलर्ट जारी करते हुए ठंड से बचाव की सलाह दी

अगले 24 घंटों के लिए 8 जिलों में चेतावनी जारी, विभाग ने किया सतर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है, जिससे कई जिलों में दृश्यता कम रहने की संभावना जताई गई है। विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

8 जिलों में कोहरे का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के 8 जिलों में कोहरे का असर देखने को मिलेगा। सुबह और रात के समय घना कोहरा छाने से सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो सकता है।

ठंड से बचाव की दी सलाह

मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने, सुबह-शाम अनावश्यक बाहर निकलने से बचने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

बस्तर और सरगुजा संभाग में अधिक असर

कोहरे का सबसे अधिक प्रभाव बस्तर और सरगुजा संभाग में रहने की संभावना है। इन क्षेत्रों में दृश्यता काफी कम हो सकती है, जिससे वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

सतर्कता बरतने की अपील

प्रशासन और मौसम विभाग ने वाहन चालकों से कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का उपयोग करने की अपील की है।

नेशनल हेराल्ड का फर्जी केस गांधी परिवार को बदनाम करने की साजिश: नितिन पोटाई

फैसले के बाद देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इस्तीफा दे.......

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू न्यायालय ने ईडी की चार्ज शीट पर सुनवाई करने से मना कर दिये जाने के बाद यह सिद्ध हो गया कि भाजपा झूठे मुकदमें के जरिये गांधी परिवार को बदनाम करने की साजिश कर रही है। यह मामला बहुत ही अजीबो गरीब है क्योंकि इसमें ना तो पैसे का कोई लेनदेन हुआ और ना ही अचल संपत्ति का हस्तांतरण हुआ। फिर ऐसे फर्जी मामले में गांधी परिवार एवं कांग्रेस पार्टी को बदनाम करना समझ से परे है। उन्होने कहा कि यह मामला बिना तथ्य के 2014 से चल रहा है। कोई साक्ष्य नही होने के बाद भी राहुल गांधी सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कई घंटों तक पूछताछ की गई।

कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का फर्जी मामला राजनीतिक बदले और द्वेष की भावना से किया गया है। यह अखबार 1938 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा शुरू किया गया था। जिसे भाजपा सरकार धनशोधन जैसी चीजों से जोड़कर बदनाम कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि इस मामले में कुछ भी नही है। लेकिन फिर भी भाजपा इसे मुद्दा बनाकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को परेशान करने की कोशिश कर रही है। श्री पोटाई ने कहा कि मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए इसी तरह नेताओं पर ईडी के मामला दर्ज करवाती आई है। तथा भाजपा ने इसी तरह लोगो को डरा कर अपनी ओर किया और सरकार भी बनायी। अब फैसला न्याय के पक्ष में आया है।और सत्य की जीत हुई है।इस फैसले का हम स्वागत करते है। यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मुंह पर तमाचा है। अब उन्हें एक राजीनामा देना चाहिए कि भविष्य में वे लोगों को सताने का काम नही करेंगे। पोटाई ने कहा कि 16 दिसम्बर के अदालत के फैसले ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगाये गए झूठे आरोप, साजिश और बदले की भावना को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। मोदी जी ने बार-बार कांग्रेस के नेताओं, खासकर गांधी परिवार पर मनगढंत आरोप लगाए मीडिया ट्रायल करवाया और देश को गुमराह किया। श्री पोटाई ने कहा कि गांधी परिवार ने देश के लिए त्याग और बलिदान दिया है ऐसे बिना किसी साक्ष्य के गांधी परिवार को बदनाम करना स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा नही हैं।

उन्होनें आगे कहा कि अदालत के इस फैसले ने उन सभी आरोपी की हवा निकाल दी है और भाजपा सरकार का पर्दाफाश कर दिया है। नेशनल हेराल्ड मामला इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार कैसे जांच ऐजेंसियों का दुरूपयोग करती है। इस केस में में कांग्रेस नेताओं से 80 घंटे पूछताछ की गई, बिना ये जाने के इसमें प्राथमिकी दर्ज ही नही हुई कानून की नींव में खड़ा किया गया मुकदमा, अपने बोझ से खुद गिर गया।

कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि अब कांग्रेसी डरने वाले नहीं हम सड़कों पर उतरकर इस राजनीतिक प्रतिशोध को बेनकाब करेंगे। पिछले सात वर्षो से कांग्रेस पार्टी को ईडी द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। हमारे वरिष्ठ नेताओं को बदले की राजनीति के जरिये निशाने बनाये जा रहा है इससे कांग्रेस कार्यकर्ता गुस्से में है। इसलिए कांग्रेस पार्टी सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का पुरे देश में विरोध करेगीं।

न्यूज गैलरी

नक्सल हिंसा में मृतकों के परिजनों को 35 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 7 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए कुल 35 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा लागू

बीजापुर /नवप्रदेश। किसान भाइयों के हित में भारत सरकार द्वारा संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से वर्ष 2025 में राज्य के सभी 33 जिलों में लागू किया गया है। इसी कड़ी में बीजापुर जिले के उद्यानिकी किसानों को भी योजना का लाभ लेने का अवसर दिया गया है। सहायक संचालक उद्यान, जिला बीजापुर से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2025 में उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू को बीमा हेतु अधिसूचित किया गया है। इन फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत बीमा प्रीमियम राशि कुल बीमित राशि का 5 प्रतिशत किसानों द्वारा देय होगी। प्रति हेक्टेयर प्रीमियम दर इस प्रकार है टमाटर ?4400, बैंगन ?2850, फूलगोभी ?2700, पत्तागोभी ?2700, प्याज ?2750 एवं आलू ?4800। किसान इस योजना के तहत निर्धारित तिथि से पूर्व नजदीकी बैंक शाखा, सहकारी समिति, सीएससी सेंटर, डाकघर अथवा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (हृष्टढ्ढक्क) के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए किसान जिला कार्यालय सहायक संचालक उद्यान बीजापुर, शासकीय उद्यान रोपणी कार्यालय बैदरगुड़ा, पामलवाया, गौराबेड़ा विकासखंड भैरमगढ़, उसूर एवं पेगड़ापल्ली भोपालपटनम के कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर 6260703107 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सहायक संचालक उद्यान ने जिले के सभी उद्यानिकी किसानों से अपील की है कि वे प्राकृतिक आपदाओं से फसल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समय रहते फसल बीमा अवश्य कराएं।

बीजापुर जिले में धान खरीदी के एवज में करोड़ों का भुगतान

बीजापुर /नवप्रदेश। जिला बीजापुर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 2540 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों से कुल 14,3948.40 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया है।धान खरीदी के एवज में किसानों को कुल 340.13 करोड़ रुपये का समर्थन मूल्य भुगतान निर्धारित किया गया जिसमें से 122.82 करोड़ रुपये की राशि अब तक किसानों के खातों में भुगतान की जा चुकी है। वहीं शेष राशि का भुगतान भी चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की देय राशि भी सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है।

पैसा दोगुना करने का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

65 लाख का निवेश के नाम पर धोखाधडी...

कांकेर/नवप्रदेश। डब्ल्यूएफ्टी कंपनी में पैसा लगाकर दुगुना पैसा देने की लालच देकर 65,18,400 रूपये धोखाधड़ी करने वाले आरोपी विनोद कुमार पांडे पिता रामकुमार पांडे उम्र 45 वर्ष निवासी टांडापारा तहसील खरसिया जिला रायगढ़ हाल पता राजकिशोर नगर बिलासपुर मकान नंबर 132 थाना सरकंडा जिला बिलासपुर को थाना भानुप्रतापपुर ने गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 73/2025- धारा 420, ढ्ढक्कष्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।भानुप्रतापपुर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 24 दिसंबर 2025 को प्रार्थिया कामेश्वरी नाग पिता माखनलाल नाग उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कुआं पानी थाना भानुप्रतापपुर के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी विनोद कुमार पांडे जो ग्रामों में जाकर जैविक खाद का प्रचार प्रसार करता था इसी दौरान प्रार्थिया की

परिचय वर्ष 2023 में आरोपी विनोद कुमार पांडे से हुआ आरोपी द्वारा प्रार्थिया को डब्ल्यूएफ्टी कंपनी में पैसा इन्वेस्ट करने से डेढ़ माह में पैसा दोगुना होकर मिलेगा एवं इस ट्रेड कंपनी को मेरे द्वारा ही संचालित किया जाता है कंपनी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर मेरे खाता में पैसा जमा करना होगा बोलकर प्रार्थिया एवं अन्य लोगों को राशि दुगना करने का झांसा देकर 65,18,400 रुपए लेकर धोखाधड़ी करने से प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया आरोपी द्वारा घटना घटित कर फरार होने से,मामला गंभीर होने उमनि-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीमाल दिशा निर्देश अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रामेश्वर प्रसाद देशमुख द्वारा टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु जिला बिलासपुर रवाना किया गया था आरोपी द्वारा पुलिस टीम को देखकर लुक छुप कर भागने का प्रयास किया जा रहा था पुलिस पार्टी द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना भानुप्रतापपुर लाकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर उप निरीक्षक प्रेम कुमार झा महिला प्रधान आरक्षक डिलेश्वर ठाकुर आरक्षक प्रणय यादव आरक्षक हेमंत मरकाम आरक्षक ओजस्वी मांडवी का विशेष योगदान रहा है।

जिले में 21 से 23 दिसंबर तक राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान

बीजापुर/ /नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 38,523 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 403 पोलियो बूथ बनाए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने बताया अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसंबर को प्रातः जिला स्तर पर कलेक्टर महोदय एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद विकासखंड स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

अभियान के प्रथम दिवस बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस टीकाकरण दलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक से छूटे बच्चों को कवर किया जाएगा। अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं तथा वैक्सीन एवं अन्य लॉजिस्टिक सामग्री का वितरण विकासखंडों और शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसंबर को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की सतत निगरानी फूटे चने में हानिकारक रंग के उपयोग पर कड़ी कार्रवाई

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा फूटे एवं रोस्टेड चने में औद्योगिक रंग औरामाईन 'ओ' के उपयोग को लेकर जारी अलर्ट के बाद जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर दी गई है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ दीपक कुमार अग्रवाल एवं कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन कांकेर द्वारा फूटे चने के कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में जिले के बड़े व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। संदेह के आधार पर फूटे चने का स्टॉक जब्त कर औरामाईन 'ओ' की विशेष जांच हेतु राज्य के बाहर स्थित विशेषज्ञ प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके साथ ही कन्फेक्शनरी उत्पादों के 5 नमूने भी प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं।

विभाग द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि फूटे चने का स्टॉक कहां से मंगाया गया तथा किन-किन स्थानों पर इसका वितरण किया गया। इस संबंध में संबंधित फर्मों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री सुष्मित देवांगन ने बताया कि वर्तमान जांच में जिले में फूटे चने के विनिर्माता नहीं पाए गए हैं, हालांकि जिले में छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से फूटे चने का आयात हो रहा है। जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंड मुख्यालयों के बड़े व्यापारियों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर फूटे चने के निर्माण एवं विक्रय से जुड़े सभी कारोबारी विभाग की सतत निगरानी में हैं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की जानकारी तत्काल विभाग को दें। विभाग द्वारा समय-समय पर की जा रही कार्रवाई के तहत 6 खाद्य कारोबारकर्ताओं के नमूने फेल पाए जाने पर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। प्राप्त जवाब के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।इसके अतिरिक्त, बिना खाद्य लाइसेंस, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर एक फर्म के विरुद्ध अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य पदार्थों की पैकिंग में न्यूज़पेपर के उपयोग पर भी सख्ती बरतते हुए संबंधित कारोबारकर्ताओं को नोटिस जारी कर इसे तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान धारा 55 के अंतर्गत 5 खाद्य व्यापारियों को नोटिस दिया गया है, अनुपालन न होने पर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई

अंतागढ़ /नवप्रदेश । सतनामी समाज अंतागढ़ द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की 269वीं जयंती प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर में भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें पंथी गीतों की मधुर धुन पर नाचते-झूमते महिला, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए शहर के हृदय स्थल पहुँची, जहाँ नगर पंचायत अध्यक्ष एवं नगर के प्रथम नागरिक माननीय श्री राधेलाल नाग जी तथा पूर्व विधायक अंतागढ़ विधानसभा माननीय श्री अनूप नाग जी द्वारा गुरु घासीदास बाबा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

तत्पश्चात शोभायात्रा उन्मुक्त खेल मैदान पहुँची, जहाँ समाज की महिलाओं द्वारा पूजा की थाल सजाकर जैतखाम में पालो चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गुरु बाबा जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग, पूर्व विधायक श्री अनूप नाग जी, पार्षद श्री संजय ध्रुव, श्री राकेश गुप्ता, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी डौंडी श्री प्रवीण चतुर्वेदी, सहायक प्राध्यापक श्री प्रशांत रंगारी, श्री अखिलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे, जिनका समाज द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया। मंच से अतिथियों द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा जी के सात उपदेशों एवं 'बियालिस अमृत वाणी' का सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ÷मनखे-मनखे एक समान÷, सतनाम पर विश्वास, नशा-मुक्त जीवन, जुआ, चोरी एवं व्यभिचार से दूर रहने, समानता, एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

प्रथम पेज का शेष

रायपुर-मुंबई-बेंगलुरु समेत...

सरावगी की फर्म गोल्डन ब्रिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम से संचालित होती है।

छग में औद्योगिक क्रांति की ...

चाहती हैं। हम व्यापार को आसान बनाने और हर चरण में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 6,063 करोड़ रुपये की 9 बड़ी परियोजनाएं चालू हो चुकी हैं। मंत्री ने बताया कि 6,063 करोड़ रुपये की 9 बड़ी परियोजनाएं चालू हो चुकी हैं जिनसे उत्पादन शुरू हो गया और 5,500 से अधिक रोजगार मिले। इसके अलावा 109 परियोजनाएं उन्नत चरण में हैं, निर्माणाधीन या भूमि आबंटन के बाद आगे बढ़ी हुई।

बांग्लादेश में हिंदू युवक...

टैंड इलाके में ले गई, उसे रस्सी से एक पेड़ से बांध दिया और नारे लगाते हुए उसमें आग लगा दी। हिंसा और कट्टरपंथ की ये कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना में भीड़ ने शव को ढाका-मैमनसिंह हाईवे पर ले जाकर फिर से उसमें आग लगा दी, जिससे ट्रैफिक में रुकावट आई और स्थानीय लोगों में डर फैल गया। भालुका उपजिला के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मोहम्मद फिरोज हुसैन ने कहा कि पैगंबर का अपमान करने के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग के नेता मोहम्मद अली अराफात ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश लगातार बड़े पैमाने पर कट्टरपंथ की ओर बढ़ रहा है।

बीजापुर मठभेड़ में एसीएम ...

इस अभियान के दौरान 19 दिसंबर की सुबह 06 बजे से डीआरडी बीजापुर और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 1 माओवादी का शव, 303 रायफल, पिस्टल सहित विस्फोटक सामग्री एवं माओवादी सामग्री मौके से बरामद हुई है। बरामद हथियार :- 303 रायफल, 01 मैग्जीन 03 राउण्ड.9एमएम पिस्टल, 01 मैग्जीन, 09 राउण्ड. स्कैनर सेट 02 नग.रेडियो, मेडिकल किट, कार्डेक्स वायर, माओवादी पिटठू, पिस्टल पोच, माओवादी पर्चा आदि सामग्री बरामद।

धर्मांतरण की आग में ...

किया गया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मामला शव दफन को लेकर शुरू हुआ जो बढ़ते बढ़ते एक विकराल रूप ले लिया जानकारी के अनुसार बड़े तेवड़ा के सरपंच राजमन अपने पिताजी की मौत के बाद पिताजी के शव को ईसाई समुदाय के रीति रिवाज के अनुसार गाँव में ही कफन दफन कर दिया था जिसका विरोध में आदिवासी समुदाय खड़ा हो गया था। आदिवासी समुदाय के लोगों का कहना था कि आदिवासी परंपरा के अनुसार शव दफन नहीं किया गया है इसलिए शव को बाहर निकाला जाए और यहां से दूर ले जाया जाए। वहीं पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन दोनों समुदाय के लोगों को समझाने का प्रयास किया परंतु आदिवासी समाज के लोग अपनी बातों पर अड़े रहे, जिसके बाद विवाद बढ़ गया जो तीन चर्च तोडने् और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद पुलिस प्रशासन के सक्ती लाठीचार्ज करने के बाद शांत हुआ।

बवाल के दूसरे दिन पूरे आमाबेड़ा में पसरा रहा सन्नाटा : आमाबेड़ा में दो दिनों के बवाल के बाद तीसरे दिन पूरे आमाबेड़ा में सन्नाटा पसरा हुआ था वहीं बवाल के बाद कई जवान घायल होने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन पूरे आमाबेड़ा के चौक चौराहों के अलावा ग्राम बड़े तेवड़ा में काफी तादाद में जवानों की मुस्तैदी कर रखी थी ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना और घटित न हो सके।

पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल लोगों को दिया शांति का संदेशः आमाबेड़ा में बवाल होने के बाद पूरे आमाबेड़ा एरिया को पुलिस प्रशासन ने छावनी में तब्दील कर दिया है। वहीं तीसरे दिन पुलिस ने आमाबेड़ा थाना से पूरे आमाबेड़ा में फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों को दुकानें खोलने और किसी भी प्रकार के अनहोनी घटनाओं में शामिल न होने की समझाइश दी है।

पीएम आज बंगाल को ...

मोदी का यह दौरा राजनीतिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले कुछ समय में पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण और अन्य दूसरे मुद्दों को लेकर राजनीति तेज हो रही है।

सियासी सरगर्मियों के बीच दौराः संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मनरेगा और दूसरे मुद्दों पर बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के बीच तकरार खुलकर सामने आई थी। जी राम जी बिल पर भी तृणमूल सांसदों ने संसद के अंदर और बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार देर रात राज्यसभा में जी रामजी बिल पास होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने संसद के गेट पर कई घंटे तक धरना प्रदर्शन किया था।

बंगाल से जाएंगे असमः इसके बाद पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर असम जाएंगे, जहां वह 15,600 करोड़ रुपये के प्रोजेक्टों का लोकार्पण और नीव रखेंगे। वह जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई के नाम पर स्थापित नए टर्मिनल के बाहर उनकी 80 फुट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बने नए टर्मिनल का भी उद्घाटन करेंगे।

जिला पंचायत सीईओ ने सरपंच-सचिवों की बैठक लेकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत बीजापुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे ने जनपद पंचायत बीजापुर के सरपंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आवास नोडल की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सली हमलों में मृत व घायल परिवारों से व्यक्तिगत संपर्क कर शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए वार्ड पंचों के माध्यम से प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए। वही नियद नेल्लानार योजना के तहत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी मरम्मत कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। विकास खंड में जिन व्यक्तियों के पास आधार कार्ड नहीं है, उनकी कारण सहित जानकारी 22 दिसंबर तक एक्सेल शीट में भरकर प्रस्तुत करने को कहा गया।

सभी पात्र व्यक्तियों को पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवेदन जमा कराने के निर्देश सरपंच-सचिवों को दिए गए। मनरेगा के अंतर्गत पर्याप्त कार्य स्वीकृत कराकर उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश मनरेगा कर्मचारियों को दिए गए। रोजगार के अभाव में मजदूरों के पलायन की शिकायत सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। जनपद सीईओ को ग्राम पंचायतों में संधारित पलायन पंजी का नियमित निरीक्षण करने तथा सचिवों को बैठक में पंजी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत में जिला पंचायत सीईओ ने शासकीय योजनाओं में रुचि न लेने वाले सचिवों एवं सरपंचों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया।

न्यूज गैलरी

खलिहान के पैरावट में आग लगने से पैरा हुआ भस्मीभूत

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लहपटरा के बडखा पारा में 18 दिसंबर दिन गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे किसान के खलिहान के पैरावट में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पैरा जलकर भस्मीभूत हो गया। वही किसानों के पैरा जल जाने से मवेशियों के लिए चारा की समस्या उत्पन्न हो गई है। लगभग 50000 की क्षति 4 किसानों को हुई है। ग्रामीण आनंद राजवाड़े, हीरासाय राजवाड़े, विजय पाल, केवल राम के द्वारा बताया गया कि गांव के ही सुपारी लाल के द्वारा ईट बनाने के लिए साफ सफाई कर कचरे में आग लगा दिया गया था। जिसके बाद आग की चिंगारी किसानों के खलिहान तक पहुंच गई और पैरावट में आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और जब तक आग पर काबू पाया जाता तब पैरा जलकर खाक हो चुका था।

रामगढ़ पर्वत शिखर के मंदिर में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के मौके पर मां भवानी मानस मंडली लखनपुर के सदस्यों ने विश्व प्रसिद्ध सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लाक अंतर्गत रामगढ़ पर्वत शिखर पर स्थित प्राचीन मंदिर परिसर में श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान राम माता जानकी लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न हनुमान के पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किये। वहीं तुलसी कृत रामायण के सुन्दर काण्ड पंचम सोपान का पठन पाठन किया। सुन्दर काण्ड पढने वालों में बृजेन्द्र पांडेय, त्रिभुवन यादव,विजय यादव, मुन्ना पांडेय ललन साहू, कन्हैया साहू, राजू गुप्ता, अमित वर्मा आकाश साहू मंदिर के पुजारी बैगा साधूजन दर्शनार्थी मानस प्रेमी शामिल रहे।

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को मिल रही सुविधा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में लागू पारदर्शी व्यवस्था, टोकन प्रणाली और डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग से किसानों के लिए धान विक्रय की प्रक्रिया सुगम, सरल और आसान हो गई है। समयबद्ध तौलाई, नमी परीक्षण, माइक्रो एटीएम जैसी सुविधाओं से किसानों को राहत मिल रही है और उन्हें उचित मूल्य का लाभ प्राप्त हो रहा है।

डाइट जांजगीर में सरगुजा-बिलासपुर संभाग के भाषाविद कर रहे कार्य

एनईपी के तहत मातृभाषा में पढ़ाई के बाद अब तैयार हो रहे अभ्यास प्रश्न

जांजगीर/नवप्रदेश। प्राइमरी के विद्यार्थी अब अपनी मातृभाषा में ही ऐसे प्रश्नों का उत्तर सोच कर लिख पाएंगे जिसमे उनकी संश्लेषण एवं विश्लेषण की क्षमता विकसित होगी। सरगुजिया एवं छत्तीसगढ़ी भाषी छात्र- छात्राओ के अनुरूप प्रश्नों का प्रारूप डाइट जांजगीर में इन क्षेत्रों के भाषा विद कर रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक शिक्षा को मातृभाषा आधारित और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जांजगीर में कक्षा प्रथम एवं द्वितीय की द्विभाषी पाठ्यपुस्तकों के लिए संश्लेषणात्मक एवं विश्लेषणात्मक अभ्यास प्रश्नों का हिंदी से छत्तीसगढ़ी भाषा में भावानुवाद एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है।

यह कार्य सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग के विद्यार्थियों की भाषायी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। यह शैक्षणिक गतिविधि 15 से 19 दिसंबर तक डाइट जांजगीर में संचालित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है, जिससे वे प्रश्नों को सहजता से समझ सकें और अपनी संश्लेषण एवं विश्लेषण क्षमता का विकास कर सकें। डाइट जांजगीर के प्राचार्य बीपी साहू के

मार्गदर्शन में तथा उपप्राचार्य एलपी पाण्डे के समन्वय से यह कार्य कराया जा रहा है। इसमें बिलासपुर और सरगुजा संभाग के चयनित भाषाविदों, शिक्षकों एवं साहित्यकारों की टीम द्वारा द्विभाषी पाठ्यपुस्तकों में सम्मिलित अभ्यास प्रश्नों का भावानुवाद किया जा रहा है, ताकि भाषा, स्तर और शैक्षिक उद्देश्य पूर्णतः संतुलित रहें। इस कार्य में डाइट व्याख्याता नेहरूलाल प्रधान, संजय शर्मा, सेवा निवृत्त डीएमसी एवं साहित्यकार संतोष कश्यप, रोशन कुमार दुबे (रतनपुर), दीपक कुमार यादव (व्याख्याता, शासकीय उमावि मड़वा), अनुभव तिवारी (शिक्षक देव किरारी), श्रीमती गायत्री साहू, शुकदेव कश्यप, नम्रता अनंत एवं संतोष कुमार पटेल सक्रिय रूप से सहभागी हैं। सभी विशेषज्ञ अभ्यास प्रश्नों की भाषा, भाव, बच्चों के स्तर और पाठ्यवस्तु के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए गहन अध्ययन एवं विमर्श के साथ कार्य कर रहे हैं। शिक्षा विभाग की यह पहल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा आधारित शिक्षण, स्थानीय संदर्भों और बच्चों की समझ को केंद्र में रखते हुए शिक्षा को अधिक समावेशी, सरल और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास मानी जा रही है।

एएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में तैनात रहे पुलिस जवान

भाजपा कार्यालय पहुंचने से पहले ही पुलिस ने रोका, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर किए गए कार्रवाई के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार को राष्ट्रव्यापी आह्वान पर भाजपा जिला कार्यालय के समीप प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों द्वारा भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा भाजपा कार्यालय प्रवेश मार्ग में बेरिकेट्स लगा बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती करते हुए मार्ग को बंद कर दिया गया था। कांग्रेसियों द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव करने की तैयारी की गई थी। इधर पुलिस प्रशासन भाजपा व कांग्रेस दोनों पक्ष में तनाव बढ़ने की आशंका को लेकर अलर्ट हो गया और भाजपा कार्यालय मार्ग को बंद करते हुए प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के लिए पांच बड़ी पुलिस वाहन भी कलेक्ट्रेट परिसर मंद खड़ा कराया गया। बेरिकेट्स की मजबूती के लिए खंभे और बल्ली भी लगाए गए।

इधर जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेसियों की भीड़ अपराहन तीन बजे निकली और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बेरिकेट्स के सामने जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा बेरिकेट्स के उपर चढ़ने का भी प्रयास किया गया, मगर पुलिस कर्मियों ने उन्हें बेरिकेट्स के दूसरी ओर ही रोक दिया। एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे और प्रदर्शनकारियों को रोकने मशक्कत करते रहे। लगभग 15 से 20 मिनट प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बेरिकेट के दूसरी ओर भाजपा कार्यालय के सामने भाजपाई भी संगठन का झंडा लहराते हुए कांग्रेसियों के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा दुरभावनावश बदनाम करने के उद्देश्य से नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेतृत्व में को फसाया जा रहा है। जिससे सरकार को माफी मांगने के साथ ही नेतिकता के आधार पर इस्तिफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में बीना किसी आधार के कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ईडी के माध्यम से जांच कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चार्जशीट पेश किया गया है। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, मधु सिंह, इस्लाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा, बलराम यादव, तिलक बेहरा, अमित सिंहदेव, प्रदीप गुप्ता, इंद्रजीत सिंह धंजल, डॉ. लालचंद यादव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला कार्यकारणी के सदस्य, कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन के प्रमुख, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

बीएसएनएल में भर्ती का झांसा देकर बेरोजगारों से हो रही ठगी

***लोगों से कहा- नहीं हो रही भर्ती, रहें सतर्क**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में बीएसएनएल टावर के नाम पर युवक, युवतियों की सीधी भर्ती के नाम पर किए जा रहे ठगी के मामले में दूर संचार विभाग ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा है कि दूर संचार विभाग का इस भर्ती से किसी भी तरह से कोई संबंध नहीं है और आमजनता ऐसे किसी भी भ्रामक प्रचार से सावधान रहें ताकि वे धोखाधड़ी का शिकार न हो सकें। दूर संचार विभाग के उपमहाप्रबंधक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अम्बिकापुर नगर के विभिन्न स्थानों नया बस स्टैंड, घड़ी चौक, गांधी स्टेडियम सहित अन्य स्थानों पर बीएसएनएल टावरों को चाहिए लड़के-लड़कियां शिर्षक के नाम से नौकरी का विज्ञापन चिपकाया गया है। जिसमें यह उल्लेख है कि आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तक होगी और व्हाट्सऐप के माध्यम से ऑनलाइन भर्ती हो रही है। बीएसएनएल टावरों के नाम पर की जा रही इस फर्जी भर्ती के मामले में चिपकाए जा रहे पोस्टरों में 16500 रूपए से लेकर 22500 रूपए तक की नौकरी देने का भी दावा किया जा रहा है। जिसमें रहना, खाना, मेडिकल फ्री जैसी सुविधाओं का भी उल्लेख है। आठवीं पास से लेकर डिप्लोमा, आईटीआई वाले लोगों को इस फर्जी भर्ती में डीजल सप्लायर, डीजल इंचार्ज, सुपर वाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर, एरिया मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन व टेक्निशियन जैसे पदों पर भर्ती का उल्लेख किया गया है। इन पोस्टरों के उपर में भारत संचार निगम लिमिटेड का बकायदा मोनो भी प्रकाशित किया गया है और संपर्क के लिए मोबाइल नंबर भी दिए गए हैं।

ठगी के शिकार हो रहे बेरोजगार युवा

भारत संचार निगम लिमिटेड में नौकरी पाने की आस में कई बेरोजगार युवक, युवतियां अब तक इस भ्रामक भर्ती वाले पोस्टर के झांसे में आ चुके हैं, जिनमें से ठगी के शिकार कुछ युवक, युवतियां दूर संचार विभाग कार्यालय भी पहुंचे थे। जिससे यह मामला दूर संचार विभाग के संज्ञान में आया। ठगी के शिकार युवक, युवतियों को थाने में एफआईआर दर्ज कराने की सलाह भी विभाग द्वारा दी गई है और विभाग द्वारा ऐसे भ्रामक प्रचारों से सावधान रहने की अपील भी आमजनों से की जा रही है।

उरांव समाज के सामाजिक महासम्मेलन में 3 हजार से अधिक लोग हुए शामिल

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड के ग्राम अरगोती छापरनाका में 18 दिसंबर दिन गुरुवार की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कुडुख आदिवासी उरांव सेवा एवं समाज कल्याण समिति सरगुजा के द्वारा सामाजिक महासम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में जिले के लखनपुर उदयपुर लुण्ड्रा मैनपाट ब्लॉक के लगभग 3000 से अधिक उरांव समाज के लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए महासम्मेलन का शुभारंभ किया गया। मंच से उराव समाज के 3000 लोगों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस महासम्मेलन में उराव समाज के इतिहास पर चर्चा, सामाजिक चिंतन, सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए एक जुटता पर चर्चा समाज के युवा वर्ग के लिए रोजगार सृजन की मार्गदर्शन को लेकर विषय वार चर्चा किया गया।

महासम्मेलन कार्यक्रम के अध्यक्ष मनबहाल मिंज ने कहा कि विगत 4 सालों से जागरूकता अभियान चलाया जाकर गांव गांव मोहल्ले मोहल्ले में समाज के लोगों को जगाने की हर संभव कोशिश की गई। इस दरम्यान महासम्मेलन आयोजन को लेकर निर्णय लिया गया। जिसके फलस्वरूप उरांव आदिवासी समाज का महासम्मेलन आयोजित हुआ है। इस सम्मेलन के जरिए से समाज में फैली बुराइयों को दूर करने प्रयास किया गया है। उन्होंने समाज के नव युवकों से आग्रह किया कि वह नशा पान जैसी बुराईयों को त्याग कर बेहतर शिक्षा ग्रहण करते हुये व्यापार बिजनेस के साथ आगे बढ़े और समाज में कृति स्थापित करें। इस सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह पैकरा, गीता मिंज सोनमती तिर्की, मधु कुजूर, फादर आईजक कुजूर,नेवल कुजूर बिहारी लाल तिर्की, सोमार साय,आशा तिर्की, राम लाल एक्का, प्रकाश चंद खलखो, सहित बड़ी संख्या में उरांव समाज के लोग मौजूद।

बिजली ठेकेदार ने ग्रामीण कृषक से किया मारपीट

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र के ग्राम जमगला महुआ टिकरा पारा में ग्रामीण किसान के साथ बिजली ठेकेदार द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी जूठन गुप्ता आ0 लब्दू राम गुप्ता उम्र 35 वर्ष साकिन ग्राम जमगला महुआ टिकरा पारा रेड नदी किनारे अपने खेत में सब्जी भाजी का खेती किया है 17 दिसम्बर को बिजली विभाग का रामू ठेकेदार निवासी ग्राम बगदर्री सब्जी फसल को रौंदते हुए बिजली खंभे में तार खींचते हुए सब्जी फसल को नुकसान पहुंचाने लगा प्रार्थी के मना करने पर हिटलरी अंदाज में अश्लील गालियां बकते हुए किसान जूठन गुप्ता को जमकर पीटा।

युवकों पर हमला, दो नाबालिग सहित सात आरोपी गिरफ्तार

शहर के दर्रीपारा मोहल्ले में दो दिन पूर्व हुई थी वारदात

अंबिकापुर/नवप्रदेश। दो दिनों पूर्व शहर के दर्रीपारा मोहल्ले में एक मकान में बलपूर्वक प्रवेश कर दो युवकों का अपहरण करते हुए जानलेवा हमला किए जाने के मामले में मणीपुर पुलिस ने दो नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राहुल सोनवानी पिता फूलचंद सोनी मणीपुर चौक स्थित किराए के मकान में अपने दोस्त के साथ था तभी एक दर्शन से अधिक बदमाशों ने उसके कमरे में बलात प्रवेश किया और दोनों का अपहरण कर दर्रीपारा के जिला चिकित्सालय मार्ग के समीप ले जाकर जमकर मारपीट की गई थी इसके बाद पार्षद के घर पर भी ले जाकर दोबारा पिटाई की गई थी।

बदमाशों से न सिर्फ लातमुक्का, डंडा, ईट, पत्थर, चाकू से हमला किया था, बल्कि जलती लकड़ी से भी एक युवक को दाग दिया था। इस वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थी वहीं मणीपुर पुलिस ने नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 191(2), 191(3), 190, 115(2), 118(1), 331(8), 127 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले की विवेचना में जुडी मणीपुर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर भी अन्य आरोपियों की पहचान की थी। मामले में आईपीएस अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। जिससे पुलिस ने आरोपी राजा साहू उर्फ संजय साहू 32 वर्ष, उदय साहू 22 वर्ष, रोशन सोनी 22 वर्ष, आकाश यादव उर्फ छोटू यादव 20 वर्ष, विशाल साहू 27 वर्ष सभी निवासी दर्रीपारा व दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया।

डॉ. यादव ने मीडिया के समक्ष दी सफाई, आरोपों को बताया निराधार

चिरमिरी/नवप्रदेश। स्थानीय निवासी महेंद्र केशरवानी की आकस्मिक मृत्यु के मामले में जिला अस्पताल चिरमिरी में पदस्थ डॉ. जे.के. यादव ने मीडिया के समक्ष उपस्थित होकर अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए शोकसंतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। डॉ. यादव ने बताया कि 26 नवंबर को महेंद्र केशरवानी उनसे मिले थे और बुखार की शिकायत के साथ एक निजी लैब की रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। मरीज की स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल चिरमिरी में भर्ती होकर उपचार

कराने की सलाह दी गई। बाद में इलाज के दौरान मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे बैकुंठपुर जिला अस्पताल रिफर किया गया, जहां पहुंचने से पहले उसकी मृत्यु हो गई। प्राथमिक जांच में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई और चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा से निभाया।

आयोजन

राष्ट्रीय लोक अदालतों के प्रदर्शन मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 18 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु उपलब्धियों की समीक्षा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था। सम्मेलन की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा किया गया। सम्मेलन में न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा भी उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालतें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-क में निहित समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं। उन्होंने कहा कि विगत नौ राष्ट्रीय लोक अदालतों के दौरान कुल 2,27,18,454 मामलों का

अभूतपूर्व निपटारा किया गया है तथा कुल प्रकरणों के निस्तारण के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पाँच राज्यों में स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालतों की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय लोक अदालत 16 दिसम्बर 2023 तथा वर्ष 2024 में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालत एवं वर्ष 2025 में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परिवार न्यायालयों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

प्रबोध मिंज से मिलने पहुंचे कुन्नी व दारिमा भाजपा मंडल के पदाधिकारी

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले के लुण्ड्रा विस क्षेत्र विधायक प्रबोध मिंज की विगत दिनों रात में अचानक तबीयत बिगड़ गई। विधायक मिंज को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया था। यथावत स्थिति बने होने के कारण विधायक प्रबोध मिंज को गहन उपचार के लिए रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर रिफर किया गया जहां वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में कुन्नी एवं दारिमा भाजपा मंडल के उनके चाहने वाले भाजपाई पदाधिकारीगण 18 दिसंबर दिन गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचे लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज से मुलाकात करते हुए उनका कुशल क्षेम जाना।

न्यूज गैलरी

मड़ाई मेले में लोहारडीह पंचायत के आश्रित गांवों को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग

महासमुंद /नवप्रदेश।। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उलट कोडार में आयोजित मड़ाई मेला कार्यक्रम में अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान लोहारडीह ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम उलट कोडार, पेंड्रा, बंजारी, घोंघीबाहरा, परसापानी, आमाझोला को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग ग्रामीणों ने शासन- प्रशासन से की है। जिस पर तुषार ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भू-राजस्व संहिता की धारा 73 के तहत वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि लोहारडीह पंचायत के संपूर्ण ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने पर कानूनी पहचान, भूमि पर अधिकार और सभी विकास कार्यों का लाभ मिलेगा जिसके लिए वे लगातार सरकार से गुहार लगाते आ रहे हैं।

डोंगरगांव मंडल महामंत्री पद पर सतीश पाण्डेय की नियुक्ति

डोंगरगांव नवप्रदेश । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने डोंगरगांव मंडल में रिक्त हुए मंडल महामंत्री पद पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश कुमार पाण्डेय की नियुक्ति की घोषणा की है।यह नियुक्ति डोंगरगांव मंडल के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। श्री पाण्डेय विगत 24ङ्क25 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी संगठन के लिए निरंतर सक्रिय रूप से कार्यरत हैं और साथ ही 16ङ्क17 वर्षों से अधिवक्ता के रूप में नगर एवं क्षेत्र की जनता को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

योगिता सिन्हा को बीजेपी प्रदेश महिला कार्यकारिणी में मिला स्थान

नवापारा राजिम। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ महिला प्रदेश कार्यकारिणी के विभिन्न पदों की सूची कल देर रात जारी की गई। जिसमें रायपुर ग्रामीण से योगिता सिन्हा की नियुक्ति प्रदेश महिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में हुई है। बता दे कि बीजेपी प्रदेश महिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष, समन्वयक, मीडिया प्रभारी, सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की पदस्थापना सूची में योगिता सिन्हा को प्रदेश महिला कार्यकारिणी सदस्य के पद में अहम जवाबदारी मिली है। योगिता सिन्हा बीजेपी की सक्रिय कार्यकर्ता, शासकीय कन्या महाविद्यालय नवापारा में विधायक प्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्थान पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष है।

खुलेआम अवैध शराब का कारोबार जारी

सिमगा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद में खुलेआम अवैध रूप से शराब का कारोबार बेधड़क कर रहें है। कहने के लिए तो नगर में दो देशी एवं अंग्रेजी शासकीय शराब दुकान है परंतु होटल ढाबो एवं पान ठेलों में आसानी से ब्रांडेट उपलब्ध हो जाता है। देशी व अंग्रेजी शराब में ब्रांड नहीं मिलता लेकिन होटल ढाबा में उपलब्ध होता है। यह कार्य अबकारी विभाग के विशेष संरक्षण में फल फुल रहा है

बाबा गुरूघासीदास जी के आशीर्वाद से देश एवं प्रदेश में समरसता, शांति एवं प्रेम : डॉ. रमन सिंह

■ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले सामाजिक भवन का किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहर के गुरूघासीदास धर्मशाला गुरूघासीदास चौक नंदई रोड में आयोजित सत्यमूर्ति परम पूज्य बाबा गुरूघासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले सामाजिक भवन का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज बाबा गुरूघासीदास जी के अवतरण दिवस है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बाबा गुरूघासीदास जी की आशीर्वाद से देश एवं प्रदेश में समरसता, शांति, सद्भावना एवं प्रेम है। श्रद्धापूर्वक बाबा जी के प्रतीक के रूप में सफेद ध्वज फहराते है। सफेद ध्वज शांति, प्रेम, सद्भावना, एकात्मता, सबको एक साथ मिलाने, सादगी और बाबा जी के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरूघासीदास बाबा जी के जन्मस्थली गिरौदपुरी पूरे देश-दुनिया में विख्यात है। बाबा जी की प्रतीक एवं गरिमा के अनुरूप गिरौदपुरी में देश का अनूठा, सबसे ऊंचा और भव्य जैतखाम का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि बाबा जी के आशीर्वाद से ही जैतखाम को निर्माण कराने का अवसर मिला है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ने कहा कि शासन द्वारा प्रदेश के लगभग सभी ग्रामों में समाज के लिए मंगल भवन का निर्माण किया गया है। सभी ग्रामों में कांक्रीट रोड का निर्माण किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

समाज के लिए शिक्षा सबसे ज्यादा जरूरी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। शिक्षित समाज ही नेतृत्व करते है और आगे बढ़ते है। उन्होंने कहा कि बालक हो या बालिका सभी के लिए शिक्षा जरूरी है और बाबा जी का पंथी के माध्यम से यही संदेश है। बाबा जी का हिंसा छोडने, मांस-मदिरा छोडने का उपदेश किसी एक समाज के लिए नहीं है, यह मानवता एवं सभी समाज के लिए है। मनुष्य में सतगुण, सद्भाव, सादगी होने और हिंसा छोडने पर दुनिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शानदार नया विधानसभा बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने समाज के नागरिकों को नए विधानसभा भवन में विधानसभा की कार्यवाही और विधानसभा को देखने के लिए आमंत्रित किया।

सांसद खेल महोत्सव का सांसद ने किया शुभारंभ

ऑल इंडिया फुटबाल स्पर्धा का हुआ रंगारंग शुभारंभ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के जनसहयोग मैदान में भारत सरकार की फिट युवा फॉर विकसित भारत ध्येय वाक्य के साथ आयोजित ऑल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता का आज रंगारंग शुभारंभ हुआ। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित उद्घाटन समारोह सांसद संतोष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। एक लम्बे अरसे के बाद फुटबाल की नर्सरी के नाम से प्रसिद्ध डोंगरगांव में आयोजित प्रतियोगिता के पहले ही दिन दर्शकों व खेलप्रेमियों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। आज का उद्घाटन मैच मैसूर क्लब हैदराबाद तथा महाराष्ट्र इलेवन अकोला के बीच खेला गया, जो अंत तक बराबरी में समाप्त हुआ।

आईफा से मान्यता प्राप्त दक्षिण कौशल फुटबाल संघ के तत्वावधान् में आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान पारंपरिक खेल भंवरा, गिल्ली डंडा, गेंड़ी आदि का प्रदर्शन भी किया गया। पश्चात् अतिथियों की उपस्थिति में ट्राफी अनावरण, दीप प्रज्वलन, राज्य गीत आदि हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि शुरूआत में उनकी मंशा फुटबाल का आयोजन राजनांदगांव में किये जाने की थी। लेकिन नगर के कुछ उत्साही युवाओं ने उनके पास अपना प्रस्ताव रखते हुए कहा कि चूंकि डोंगरगांव को फुटबाल की नर्सरी कहा जाता है, ऐसे में डोंगरगांव में ही इस स्पर्धा को आयोजित किया जाना उचित और खेल भावना को बढाने के लिए उचित होगा। यहां के खिलाडियों, खासकर दक्षिण कौशल फुटबाल संघ के अध्यक्ष सागर वर्मा की पहल पर यह प्रतियोगिता नगर में आयोजित की रही है और उनके पूरे टीम के मेहनत देखकर यह निर्णय उचित भी लग रहा है। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व जिपं अध्यक्ष एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, नपं अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जिपं सभापति जागृति यदु, डिकेश साहू, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, अजय गुप्ता, दिलीप साहू, सहित जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सागर वर्मा, नवनीत अहीर, इरफान कुरैशी, आशुतोष गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री की मंशा से आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

सांसद ने कहा कि जब एक एक अक्षर जुड़ते हैं, तो मंत्र बनता है। जानकार आदमी अलग अलग प्रकार की बूटी इकट्ठा कर दवाई बनाता है। उसी प्रकार नगर के एक एक व्यक्ति को शामिल करके जनसहयोग मैदान में आयोजित प्रतियोगिता को सफल बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं पूरे देश के समस्त संसदीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा से आयोजित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ और फिट रखना है, यह खेल से ही संभव है।

इस्कॉन द्वारा भव्य श्री श्री राधा गिरधारी मंदिर का निर्माण शीघ्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। इस्कॉन के द्वारा नगर में भव्य श्री श्री राधा गिरधारी मंदिर का निर्माण शीघ्र ही आरम्भ होने वाला है। जिसका भूमिपूजन दिनांक 22 दिसंबर 2025 को किया जा रहा है। आपको बता दें कि इस्कॉन का शुभारम्भ भारतवर्ष के महान कृष्णभक्त वैष्णव कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद अभयचरणारविन्द भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के द्वारा 1966 में न्यायार्क, अमेरिका में की गयी थी। उन्होंने मात्रा 10 वर्षो के भीतर पुरे विश्व में 108 राधाकृष्ण मंदिरो की स्थापना की एवं सनातन धर्म को अंतराष्ट्रीय स्तर में प्रचारित किया। छत्तीसगढ़ में इस्कॉन का प्रारम्भ श्रील प्रभुपाद जी के शिष्य परम पूज्य भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज जी ने संवत 2000 में रायपुर में किया था। आज रायपुर का इस्कॉन द्वारा निर्मित श्री श्री राधारासबिहारी जी मंदिर पुरे छत्तीसगढ़ के लिये आकर्षण का केंद्र है। महाराज जी के सफल निर्देशन में पुरे छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरो में इस्कॉन कृष्ण भक्ति का प्रचार प्रसार पुरे जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें गरियाबंद, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, कोंडागांव, कांकेर, बालोद, धमतरी आदि प्रमुख नगर एवं शहर है।

विशिष्ट अतिथि होंगे डॉ रमनसिंह-गरियाबंद में 22 दिसम्बर सोमवार को मंदिर का भूमिपूजनकिया जा रहा है, इस भव्य कार्यक्रम में इस्कॉन छत्तीसगढ़ के प्रमुख परम पूज्य भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

भूमिपूजन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजिम क्षेत्र रोहित साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा विधायक जनक ध्रुव,एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। इस्कॉन गरियाबंद के प्रबंधक नरोत्तम दास प्रभु जी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भूमिपूजन कार्यक्रम प्रातः 9 से 11 बजे तक वैष्णव होम, भूमिपूजन एवं वास्तु पूजा, के बाद इस्कॉन एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा कृष्ण भजन व संकीर्तन, 12:30 बजे डॉ रमन सिंह जी के आगमन पश्चात परम पूज्य भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज का आशीर्वचन, विधायकों एवं सांसद महोदया का उद्बोधन एवं अंत में डॉ रमन सिंह के उद्बोधन के द्वारा कार्यक्रम का समापन होगा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक होगा तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन

धरना प्रदर्शन को सफल बनाने बैठक आयोजित,बैठक में बनी रणनीति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया था। फेडरेशन द्वारा प्रथम चरण में 16 जुलाई 25 को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया गया *मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया था। वादाखिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का रुख अपनाना पड़ा । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा,जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे, जिला महासचिव पी.आर. झाड़े, जिला संरक्षक डॉ. के एल टांडेकर के अलावा संगठन के पदाधिकारीयों में प्रमुख रूप से राम नारायण बघेल, भीषम ठाकुर, संतोष चौहान, वीरेंद्र कुमार रंगारी, अरुण देवांगन, संजय तिवारी,कृतलाल साहू, ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई 25 को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में *वादा निभाओ रैली* के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया ।छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया जिसके कारण 22 अगस्त 2025 को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया जिसके कारण फेडरेशन को 29 से 31 दिसंबर 2025 तक निश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होना पड़ा।

गुरु बाबा की शोभायात्रा का उत्कल समाज ने किया स्वागत

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज ने सतनामी समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा का स्वागत समाज के अध्यक्ष बबलू हरपाल के नेतृत्व में ओवरब्रिज के सामने किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने स्टाल लगाकर चाय बिस्किट का वितरण भी किया । सतनामी समाज की शोभायात्रा में ध्वज लेकर आगे चल रहे गुरु पंथों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक, पार्षद व सभापति सूरज नायक, समाज के उपाध्यक्ष परखित हरपाल, सह सचिव मनोज कुलदीप, कोषाध्यक्ष कन्हैया नायक, मीडिया प्रभारी जगन्नाथ छुरा, समाज के वरिष्ठ बादल बघेल, राजेश्वर राय, मनोज टांडी, दीपक नायक, रिंकू महानंद, सुनील बाघ, कान्हा प्रधान, विजय प्रधान, ईश्वर छत्रि, किशन नायक, आदि मौजूद रहे। धनंजय नायक, ललित महानंद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज

महासमुंद / नवप्रदेश।भारतीय जनता पार्टी महासमुंद विधानसभा के मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों की बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई । जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि आगामी 20 दिसंबर की दोपहर 2 बजे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में महासमुंद विधानसभा के 246 बूथों के प्रभारी एवं बीएलए टू को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री थान सिंह दीवान ने बताया कि भाजपा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य में जुटे हुए हैं । बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है । महासमुंद विधानसभा के बीएलए -1 एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि 20 दिसंबर को आयोजित कार्यशाला में प्रमुख वक्ता कार्यशाला प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा व भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल होंगी। इनके अलावा अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी , विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि एवं बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर होंगे। बैठक में आभार सहप्रभारी लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर व पांचों मंडल के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे।

संयुक्त टीम ने कोटपा एक्ट के तहत की चालानी कार्रवाई

महासमुंद / नवप्रदेश। बरोंडा बाजार एवं परसट्टी क्षेत्र में संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोटपा अधिनियम 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक प्रियंका दीवान ने कोटपा अधिनियम की धारा 4 (सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध), धारा 6(क) (नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध) एवं धारा 6(ख) (शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध) के अंतर्गत कुल 24 चालान काटे।

भटगांव में निकाली गई सतनाम संदेश यात्रा

■ सतनाम संदेश यात्रा को अनेक समाज के लोगों ने किया स्वागत

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव में बाबा गुरू घासीदास की जयंती के पावन अवसर पर 18 दिसंबर को सतनामी समाज के नेतृत्व में सतनामी समाज द्वारा भव्य सतनाम संदेश यात्रा का आयोजन किया गया। सतनाम संदेश यात्रा में श्रध्दा, उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश देती नजर आई। यात्रा में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही और पूरा वातावरण जय सतनाम के उध्दोष से गुंजायमान हो उठा। सतनाम संदेश यात्रा की शुरुआत प्रगति नगर में जैतखंभ में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई?। इसके पश्चात यात्रा सतनाम भवन के पास जैतखंभ की पूजा की गई वहां से सतनाम संदेश यात्रा निकल कर हाथीथान, साईं मंदिर, देवांगन मोहल्ला से बस स्टैंड पहुंची जहां बस स्टैंड में भाजपा मंडल द्वारा सतनाम संदेश यात्रा का फूल वर्षा कर स्वागत किया गया जिसके बाद सतनाम संदेश यात्रा गायत्री मंदिर रोड, नया हटरी, शनि चौक, मवली माता चौक, कदम चौक, काली चौक होते हुए सतनाम संदेश यात्रा सतनाम भवन पहुंची। वहीं सतनामी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक झांकी और डीजे धुमाल की धुन पर थिरकते हुए अपने अपने मोहल्लों में पटेल समाज, देवांगन समाज, केशरवानी समाज, साहू समाज के साथ साथ नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों ने सतनाम संदेश यात्रा का स्वागत किये और इस सतनाम यात्रा संदेश

बाबा गुरू घासीदास जी का संदेश मनके मनखे एक समान आज के समय में और भी प्रासंगिक

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी का संदेश मनके मनखे एक समान आज के समय में और भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि सतनाम संदेश यात्रा का उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। साथ ही सतनामी समाज लगातार बाबा साहेब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है और आगे भी सामाजिक सुधार की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगा। वहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाईगर कुर्रे ने कहा कि सतनाम संदेश यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नही, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। बाबा गुरू घासीदास के आदर्शों पर चलकर ही एक समतामूलक, शिक्षित और संगठित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी समाज के बुजुर्गो, युवाओं और मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। जहां सतनाम संदेश यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में भटगांव थाना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

धमतरी-बागतराई मार्ग के लिए 4.53 करोड़ की स्वीकृति

■ जोधापुर, सोरिद एवं डॉकबंगला वार्डवासियों ने किया विधायक ओंकार साहू जी का भव्य स्वागत

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी-बागतराई मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति मिलने पर जोधापुर, सोरिद एवं डॉकबंगला वार्डवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर वार्डवासियों ने विधायक माननीय ओंकार साहू जी का आतिशबाजी, फूल-मालाओं, मिठाई वितरण एवं गगनभेदी नारों के साथ जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।

क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित इस मार्ग की स्वीकृति से आम नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वार्डवासियों ने इसे विधायक श्री ओंकार साहू जी के सतत प्रयासों, दूरदर्शी सोच और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम बताते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष एवं जोधापुर वार्ड पार्षद श्री सत्येन्द्र 'विशु' देवांगन ने कहा कि जोधापुर वार्ड की वर्षों पुरानी और सबसे बड़ी मांग-जोधापुर वार्ड से होते हुए बागतराई मार्ग-आज साकार हुई है। यह मांग मेरे द्वारा माननीय विधायक श्री ओंकार साहू जी के समक्ष रखी गई थी, जो बजट की दृष्टि से भी हमारे वार्ड की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता थी।

न्यूज गैलरी

जेल में बंदियों को मिला समानता और सत्मार्ग का संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला जेल में परिरुद्ध बंदियों के नैतिक उत्थान और सत्मार्ग पर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जेल परिसर में निर्मित जैत खंभ पर श्वेत पताका फहराई गई तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में विभिन्न धर्मों के बंदियों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सहायक जेल अधीक्षक सुश्री ममता पटेल ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों एवं बंदियों को उनके बताए सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाबा जी का संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' समाज में समानता, सत्य और सद्भाव की भावना को मजबूत करता है तथा भेदभाव और जातिवाद जैसी कुरीतियों से दूर रहने की सीख देता है। कार्यक्रम में जेल के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वयंसेवकों ने किया आरती-पूजन, दिया समरसता का संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली संघ के स्वयंसेवकों ने दिया समरसता का परिचय संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती के अवसर पर सतनाम भवन दाऊपारा मुंगेली में श्रीफल माला भेट एवं आरती पूजन किया गया। संदीप ताम्रकार, विकास खांडेकर, यशवंत सिंह परिहार, आकाश सोनी, निमेष देवांगन, विकास बुनकर, दिलीप देवांगन करण साहू, रूप प्रकाश उपस्थित रहे।

निधन
शत्रुहनलाल सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्रापं कंचनपुर-राजपुर के प्रतिष्ठित

नागरिक शत्रुहनलाल सोनी का 103 वर्ष की आयु में 16 दिसम्बर मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र कृष्ण कुमार सोनी, प्रशांत सोनी तथा पौत्र नीरज, संदीप, पीयूष, शशांक, राजेश, रवि, आकाश एवं प्रपौत्र असनीर, प्रपौत्री अनायशा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कंचनपुर के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सेतगंगा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री साय एवं अतिथिगण, उपस्थित भीड़

समानता और सद्भाव का संदेश देता है घासीदास बाबा का जीवन: सीएम साय

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के खैरा-सेतगंगा धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सेतगंगा धाम के विकास के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये, राम जानकी मंदिर पर्यटन क्षेत्र विकास के लिए 50 लाख रुपये तथा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम आयोजन के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने जैतखंभ की पूजा-अर्चना कर पालो चढ़ाई, गुरुगद्दी एवं राम जानकी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। बाबा के विचार आज भी सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने और छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, सुरक्षा और विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक

महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राशि दी जा रही है। प्रशासन में पारदर्शिता के लिए ई-ऑफिस को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में भी ठोस कार्य किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सेतगंगा धाम के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का सेतगंगा आगमन सौभाग्य की बात है और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री के आगमन पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय एवं जिलाध्यक्ष भाजपा दीनानाथ केशरवानी ने स्वागत किया।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एवं अतिथियों का पगड़ी एवं गजमाला पहनाकर सम्मान किया। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं खाद्य मंत्री बघेल ने भी गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज के हित में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक श्री मोहले ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सेतगंगा क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगें रखीं। इस अवसर पर आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, मानिकलाल सोनवानी, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता पदमनी मोहले, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, राजेन्द्र वैष्णव, उमाशंकर साहू, पवन पाण्डेय, सुनील पाठक, सोम वैष्णव, रामशरण यादव, महावीर सिंह, कोटूमल दादवानी, अमितेश आर्य, संजय वर्मा, मोहन मल्लाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ पहुंचे पहुँचविहीन पहाड़ी कोरवा ग्राम खिरहिर

पेयजल की समस्या की मांग पर सीईओ ने तत्काल दो नलकूप खनन कराने के दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराने एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने के उद्देश्य से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में वृहद स्तर पर आवास चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इन चौपालों के माध्यम से हितग्राहियों से सीधा संवाद कर आवास निर्माण में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल जनपद पंचायत अंबिकापुर के पहुँचविहीन ग्राम पंचायत नानदमाली अंतर्गत पहाड़ी कोरवा बस्ती खिरहिर पहुंचे। यहां उन्होंने आवास चौपाल का आयोजन कर पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की। चौपाल के दौरान उन्होंने जनमन आवास हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण

करने हेतु प्रेरित किया तथा निर्माण में आ रही व्यवहारिक समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

आवास चौपाल में उपस्थित पहाड़ी कोरवा समुदाय के ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या से अवगत कराए जाने पर जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल दो नलकूप खनन कराने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में चल रहे आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया।

वहीं ग्रामीणों द्वारा बस्ती तक पहुँच मार्ग निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर जिला पंचायत सीईओ अग्रवाल ने वन विभाग से त्वरित समन्वय स्थापित कर स्टीमेट तैयार कर शीघ्र मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।इसके पश्चात जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत रेम्हला में आयोजित आवास चौपाल में भी सहभागिता की, जहां उन्होंने आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में गति लाने एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि जिले में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के लिए कुल 2565 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से अब तक 1265 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एस. सेंगर, एपीओ आवास डॉ. प्रशांत शर्मा, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सुनील मिश्रा, आवास समन्वयक, सहायक अभियंता, सचिव, रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्लेसमेंट कैम्प के निजी क्षेत्र में 374 पदों पर होगी भर्ती

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला तीन चरणों में आयोजित होगा, जिसके अंतर्गत 22 दिसंबर 2025, सोमवार को जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में, 23 दिसंबर 2025, मंगलवार को जनपद पंचायत खड़गवां में तथा 24 दिसंबर 2025, बुधवार को जनपद पंचायत भरतपुर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर छत्तीसगढ़ में आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 374 रिक्त पद प्राप्त हुए हैं, जिन पर योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न पदों पर चयन किया जाएगा, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, वेल्डर, फिटर, ग्राइंडर मैन, पेंटर/पावर कोटिंग तथा स्मॉल होइस्ट ऑपरेटर जैसे पद शामिल हैं। नियोजक मेसर्स सेल्फ इंटेलिजेंस सिक्योरिटी सर्विसेस लिमिटेड, भिलाई द्वारा विभिन्न पदों के लिए योग्यताएं और वेतनमान निर्धारित किए गए हैं। सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए 5वीं से 8वीं पास अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिनके लिए 10,000 से 13,000 रुपये प्रतिमाह वेतन निर्धारित है। वहीं 10वीं से 12वीं पास योग्यता वाले सिक्योरिटी गार्ड के लिए 11,000 से 15,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी सुपरवाइजर पद के लिए स्नातक पास अभ्यर्थियों की आवश्यकता है, जिनके लिए 12,000 से 17,000 रुपये प्रतिमाह वेतन निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त वेल्डर, फिटर, ग्राईडर मैन, पेंटर/पावर कोटिंग तथा स्मॉल होइस्ट ऑपरेटर पदों के लिए आईटीआई पास योग्यता अनिवार्य रखी गई है और इन सभी पदों के लिए 15,000 से 20,000 रुपये प्रतिमाह वेतन निर्धारित किया गया है। रोजगार मेले में 5वीं पास से लेकर स्नातक तक की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक पद के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(तृतीय निविदा निरस्तीकरण सूचना)

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित की ऑनलाईन निविदा, सिस्टम निविदा क्रमांक 177951/ निविदा सूचना क्रमांक 09/व.ले.लि./ 2025-26 राजनांदगांव दिनांक 17.10.2025 को तृतीय निविदा आमंत्रण किया गया था। शासन स्तरीय निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा तृतीय आमंत्रित निविदा में विचाराधीन निविदा एकल होने के कारण प्रतिस्पर्धा के अभाव में निविदा को शासन के अनुशंसा अनुसार शासन हित में निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रमांक 252604288 दिनांक 23.10.2025

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव
कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252605566/5

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव, जमकर किया नारेबाजी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। जिला अध्यक्ष और विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेसियों की भीड़ नारेबाजी करते हुए भाजपा कोर्यालय का घेराव करने पहुंची, भाजपा कार्यालय से कुछ दूर पहले ही बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल ने बेरिफ्रेंड लगाकर कांग्रेसियों की भीड़ को रोकने का प्रयास किया गया किंतु कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता बेरिकेड को हटा कर जिला भाजपा कार्यालय के सामने नारेबाजी करते रहे प्रतिउत्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा कार्यालय के सामनें नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्कामुक्की भी हुई और करीब घंटेभर तक प्रदर्शन चलता रहा। न्यायालय द्वारा नेशनल हेराल्ड केस की चार्जशीट को खारिज करने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला, शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव का कार्यक्रम रखा गया था। इससे पूर्व दोपहर करीब बारह बजे कांग्रेसजनों की भीड़ कांग्रेस भवन के पास एकत्रित हुई और वहां से नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड भाजपा कार्यालय पहुचें। कांग्रेसजन सत्यमेव जयते का स्टीकर लगाए हुए और हाथों में पार्टी का झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए बालानी चौंक होते हुए पुराना बस स्टैड़ के पास पहुंचे। जहां पर पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल बेरिकेट्स लगाकर तैनात थी। कांग्रेसियों की भीड़ जैसे ही बेरिकेड के पास पहुंची पुलिस वालों ने मोटे रस्सा से उन्हें आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया, इस दौरान पुलिस और कांग्रेसजनों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। इसके बाद कुछ कांग्रेसी बेरिकेड हटाते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचे और दोनों ओर से नारेबाजी होते रही, कांग्रेस नेताओं ने लाउडस्पीकर के जरिए मोदी सरकार को जमकर कोसा और करीब एक घंटे तक यह प्रदर्शन चलता रहा।

जैतखंभ पूजन कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास जयंती पर संघ के स्वयं सेवकों ने जैतखंभ में पूजन अर्चन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। अमरटापू धाम, मुंगेली नगर स्थित सतनाम भवन दाऊपारा, पेंडाराकापा जैसे अनेक गांवों के जैतखंभ स्थलों में जाकर संघ के स्वयं सेवकों ने श्रीफल चढ़ाकर, आरती करके, बाबा के संदेशों का वाचन करके सामाजिक समरसता का संदेश दिया है।

सचिन मसीह बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छग के प्रदेश मीडिया प्रभारी

मुंगेली/नवप्रदेश। संगठनात्मक दायित्वों का विस्तार करते हुए सचिन मसीह को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सचिन मसीह की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 181788/निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि./ ई-प्रोक्युरमेंट/2025-26
दि.17.12.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07.01.2026, 17:30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है -

कार्य का नामः- भाटापारा शाखा नहर के आर.डी. 79.142 कि.मी. से प्रस्तावित (नई) धुर्राबांधा वितरक नहर के आर.डी. 0.00 मी. से 6810 मी. तक मिट्टी का कार्य एवं 30नग पक्की संरचनाओं सहित 40 नग डायरेक्ट आउटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 466.61 लाख
(एस.ओ.आर. 01.08.2010 एवं दिनांक 22.08.2022 तक संशोधन अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.12.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र.3, तिल्दा-नेवरा
कृते, मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-252605554/6

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज
मुख्यालय बलरामपुर (छ.ग.)
फोन नम्बर 07831-299063 ई-मेल - acbalrampur@gmail.com

:: संक्षिप्त द्वितीय ई-निविदा सूचना ::

क्रमांक / 2996 निर्माण/आ.वि./2025/ बलरामपुर, दिनांक 17 DEC 2025

आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुसूचि दर पुस्तिका छ.ग.शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर ई-निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर पर **द्वितीय निविदा** आमंत्रित की जाती है, जिसकी तिथि दिनांक 16.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 तक रहेगी।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की राशि	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र की राशि
1	2	3	4	5	6	7
1	181763	पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बलरामपुर भवन निर्माण	1,89,70,000	1,42,500	12 माह	3000.00

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलरामपुर-रामानुजगंज

जी-252605574/7

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
वृत्त-अम्बिकापुर

प्रथम निविदा आमंत्रण
विज्ञापन क्र:-154

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त अम्बिकापुर अंतर्गत अटल विहार योजना जगदीशपुर अम्बिकापुर अंतर्गत 65 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 08.01.2026 तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-अम्बिकापुर के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

उपायुक्त

S-46292/2

नाबालिग को चाकू दिखा दुष्कर्म, 20 साल सजा

रायगढ़/नवप्रदेश। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और डराने-धमकाने वाले आरोपी को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है। पॉक्सो न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र साहू ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी शिशुपाल सेठ को दोषी पाया और उसे 20 साल के सश्रम कारावास सहित 6 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) CIN No.U40108CT2003SGC015820,GST NO. 22AADCC5773E1ZX
Office of superintending Engineer (EHT:C&M) Cir, C.S.P.T.C.L, Tifra, Bilaspur Pin. 495223
e-mail:-seeht.bilaspur@cspc.co.inTel.Ph. No. 07752-427072 , Fax No. 402817

No. SE/EHT/C&M/CIR/PUR/OS/Tender-31/1219 Bilaspur Dt. 16/12/25

E-NOTICE INVITING TENDER E-Bidding (Rfx No. 8100048447)

Sealed tenders are invited from experienced & eligible outsource agencies for deployment of 15 Nos. Computer Operators and 04 No Peon through outsourcing under SE(EHT:C&LM) Circle Bilaspur and Various Dn., for a period of one year.
Details of persons required are as below :-

Sl No	Tender Sp. No.	Particulars	Qty	E.M.D	Tentative Cost
1	**Tender-31(Rfx 8100048447)** deployment of 15 Nos. Computer Operators and 04 No Peon through outsourcing under SE(EHT:C&LM) Circle Bilaspur and Various Dn., for a period of one year	Highly Skilled Manpower (Computer Operator)	15 Nos	Rs. 46679/-	Rs.46.67 Lakh
		Unskilled Manpower (Peon)	04 Nos		

Last Date & Time of Sale of Tender	07.01.2026	17:30 Hours
Last Date & Time of Submission of Tender	08.01.2026	15:00 Hours
Date & Time of Opening of Tender	08.01.2026	15:30 Hours

(i)The tender documents can be purchased from the office of SE (EHT:C&M)Circle CSPTCL, Bilaspur till one day before the due date of opening on any working day on payment of **Rs. 5000.00 (Cost of tender Rs 4237/- & GST @ 18% Rs 763/- non refundable)** in the form of DD in favour of RAO, CSPTCL, Bilaspur (C.G.), payable at Bilaspur accompanied with firm's application on its letter head. If tender document is required by post then additional Rs. 200/- is to be paid along with cost of document. CSPTCL shall not be responsible for any postal delay regarding receipt/ non-receipt of tender documents. The tender document can also be down loaded from official website of CSPTCL (www.cspc.co.in/csptcl) and required tender fee of **Rs. 5000.00 (Cost of tender Rs 4237/- & GST @ 18% Rs 763/- non refundable)** in form of DD in favour of RAO, CSPTCL, Bilaspur (C.G.) payable at Bilaspur (C.G.) in envelope-I containing EMD should also be submitted. The details of DD should be mentioned on the outer side of the envelope-I also. Please note carefully that in absence of aforesaid requisite tender fee in envelope-I, bids shall not be considered for further evaluation. The bidders are requested to keep themselves in touch with this office/ visit our website regularly to keep themselves updated with any amendment/ change in terms and condition of tender.(ii)The tenders, duly filled, shall be accepted up to 15:00 Hrs. on the due date. The techno-commercial bids shall be opened at 15:30 Hrs on the due date. CSPTCL reserves the right to accept or reject any or all the offers, in part or full without assigning any reason whatsoever.

SUPERINTENDING ENGINEER (EHT:C&M)
CSPTCL: BILASPUR

SAVE ELECTRICITY S-46285/3

वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अधिक सुलभ बनाने विद्वानों ने रखे विचार

डॉ सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन, ज्ञान सृजन और मानक शब्दावली पर मंथन

बिलासपुर/नवप्रदेश। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वावधान में 18-19 दिसम्बर को डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएँ: ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं भारतीय भाषाओं के समन्वय को सुदृढ़ करने तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अधिक सुलभ बनाने के विद्वानों ने चर्चा की।

संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग), भारत सरकार की ओर से सहायक निदेशक, इंजी. जे. एस. रावत को इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आओ जाने तकनीकी शब्द को के लिए अनेक कार्यक्रम वीडियो संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं ताकि हम तकनीकी भाषाओं को भारतीय भाषाओं मैं समझ सके और उपयोग करें। इस अवसर पर उपस्थित डॉ शहजाद अहमद अंसारी कोऑर्डिनेटर, सीएसटीटी, एमओई ने कहा कि शब्दावली की जरूर को लेकर दो बातें हैं पहली बात यह है, कि मानक शब्दावली की आवश्यकता क्यों पड़ रही है और दूसरी यह की शब्दावली का निर्माण में आने वाली समस्याएं इस बारे में उन्होंने विस्तार से अपनी बात रखी। कार्यक्रम में उपस्थित दीपक कुमार पांडे सुरक्षा विशेषज्ञ आईटीबीपी आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने कहा कि तकनीकी व्यथा को दूर करने के लिए आयोग का गठन किया गया है उन्होंने अग्नि पुराण के बारे में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की विश्व धरोहर है इसे हर किसी पढ़ना चाहिए। उन्होंने अग्नि पुराण सहित अन्य पुराणों के माध्यम से शब्दों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित छगन लाल सहायक प्रोफेसर रसायन विज्ञान विभा स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारतीय भाषाएं भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में विषय पर अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधुनिक समाज के रन है उन्होंने भारतीय भाषाओं में ज्ञान सुजन की आवश्यकता को बताया। प्रोफेसर एस के सिंघाई, प्रिंसिपल जीईसी, बिलासपुर ने कार्यक्रम के उडदेशय को बताते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के प्रमुख उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में ज्ञान सृजन की नवीन दृष्टि को प्रोत्साहित करना है।

लोगों की समझ वाली शब्दावली का हो निर्माण: डॉ. चटर्जी

भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखकर विश्वविद्यालय पहले ही कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय की डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि वैज्ञानिक भाषा को सुलभ बनाने के लिए ऐसी शब्दावली का निर्माण आवश्यक है, जो सरल, सटीक और जनसामान्य की समझ के अनुकूल हो। यह शब्दावली जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को मातृभाषा में स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करने में सहायक होती है। इससे शिक्षा, अनुसंधान और जन-जागरूकता के क्षेत्र में विज्ञान का प्रभावी प्रसार संभव होता है। वैज्ञानिक शब्दावली का विकास भाषा और विज्ञान के बीच सेतु का कार्य करता है। राष्ट्रीय संगोष्ठी समन्वयक डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जोइता मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक विद्यार्थी एवं अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. सौरभ मित्रा इस संगोष्ठी में सहायक समन्वयक के रूप में समन्वयन रहे।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर भर्ती: सीईई में सफल अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन–सीईई) में सफल अभ्यर्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इन अभ्यर्थियों के लिए जनवरी में छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा दी गई। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई के बीच किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता परीक्षा, चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल होने के पात्र होंगे। ऐसे सभी योग्य अभ्यर्थियों के लिए अब एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी तक धमतरी जिले के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। भर्ती रैली के दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं उत्तीर्ण) श्रेणियों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया, पत्नी चाहे वह अपने मायके में ही क्यों न रह रही हो

पति भरण-पोषण नहीं करता तो पत्नी को है तलाक का अधिकार: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने मुस्लिम विवाह कानून से जुड़े एक मामले में अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि यदि पति लगातार दो वर्षों तक पत्नी का भरण-पोषण नहीं करता है, तो पत्नी को तलाक का अधिकार मिलेगा, भले ही वह अपने मायके में ही क्यों न रह रही हो। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने यह टिप्पणी करते हुए फैमिली कोर्ट के तलाक आदेश को आंशिक रूप से सही ठहराया है।

दरअसल यह मामला कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ का है, जहां 30 सितंबर 2015 को मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी हुई थी. विवाह के बाद पत्नी केवल 15 दिन ससुराल में रही और पारिवारिक विवाद के चलते मई 2016 से मायके में रहने लगी। पत्नी का आरोप था कि पति ने उसके नाम की 10 लाख रुपए की एफडी तुड़वाने का दबाव बनाया, जिसके बाद उसने घरेलू हिंसा, 498-ए और भरण-पोषण से जुड़े मामले दर्ज कराए फैमिली कोर्ट ने इन तथ्यों के आधार पर विवाह विच्छेद का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम, 1939 की धारा 2 (दो) में कहीं भी यह शर्त नहीं है कि पत्नी पति के साथ ही रह रही हो. कोर्ट ने रिकॉर्ड के आधार पर माना कि वर्ष 2016 से करीब आठ वर्षों तक पत्नी को कोई भरण-पोषण नहीं दिया गया, जो तलाक के लिए पर्याप्त आधार है। हालांकि कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उस निष्कर्ष को पलट दिया जिसमें पति पर पत्नी की संपत्ति हड़पने या उसके कानूनी अधिकारों में बाधा डालने का आरोप स्वीकार किया गया था।

एफडी तुड़वाने का आरोप पर्याप्त नहीं भरण-पोषण न देना ही तलाक का आधार

हाईकोर्ट ने कहा कि केवल एफडी तुड़वाने की मांग का आरोप पर्याप्त नहीं है, जब तक यह साबित न हो कि वास्तव में पत्नी की संपत्ति का दुरुपयोग किया गया। अंत में हाईकोर्ट ने भरण-पोषण न देने के आधार पर तलाक के आदेश को बरकरार रखते हुए संदेश दिया कि मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

डीसीटी के डायरेक्टर राजेंद्र राजपूत लंदन के लीडर्स समिट सम्मान से हुए सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। लंदन के हाउस ऑफ़ लार्ड्स में आयोजित प्रतिष्ठित लीडर्स समिट अंतरराष्ट्रीय सम्मान से रियल एस्टेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए डीसीटी रियल एस्टेट एंड डेवलपर के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि बिलासपुर सहित समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। लीडर्स समिट में दुनिया भर से आए उभरते उद्यमी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नेतृत्वकर्ता शामिल हुए। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। राजेन्द्र सिंह राजपूत ने रियल एस्टेट क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार को प्राथमिकता देते हुए जो कार्य किए हैं, वही उनकी वैश्विक पहचान का आधार बने। श्री राजपूत द्वारा विकसित परियोजनाएं आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी दर्शाती हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें सामाजिक कार्यों और विकास से जुड़ी पहलों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने भविष्य में भी समाज और प्रदेश के हित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

जैतखंभ पर लहराया नया ध्वज तोरवा धाम में गूंजा जय सतनाम

■ **भक्ति, परंपरा और पंथी गीतों के संग गुरु घासीदास जयंती का आयोजन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास की जयंती पूरे छत्तीसगढ़ में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रेलवे परिक्षेत्र स्थित तोरवा धाम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां सुबह से देर रात तक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। तोरवा धाम में जयंती कार्यक्रम की शुरुआत जैतखंभ पर नए ध्वज के आरोहण के साथ हुई।

चौका-आरती, गुरु महिमा का गुणगान और विधिवत पूजा-अर्चना ने पूरे परिसर को भक्ति से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम ढलते ही पंथी गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भावनात्मक और उल्लासपूर्ण बना दिया। तोरवा धाम समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रेलवे परिक्षेत्र में वर्ष 1984 से सतनामी रेल कर्मचारी सेवा समिति और करुणा माता महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन लगातार किया जा रहा है। यह परंपरा बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई थी, जिनके संस्कार और बाबा जी के संदेश आज भी इस धाम को जीवंत बनाए हुए हैं। यही कारण है कि हर वर्ष 18 दिसंबर को यह स्थान श्रद्धा के धाम के रूप में पहचाना जाता है। समिति सदस्यों के अनुसार यहां केवल बाबा गुरु घासीदास ही नहीं, बल्कि मिनीमाता जयंती, बालकदास जयंती सहित अन्य धार्मिक आयोजनों पर भी सपरिवार लोग एकत्रित होते हैं।

जयंती में आरएसएस की मौजूदगी पर सतनामी समाज ने जताई आपत्ति

गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मिनीबस्ती स्थित महंत बाड़ा में आयोजित सतनामी समाज के कार्यक्रम के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े कुछ पदाधिकारी दर्शन–पूजन के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी को लेकर समाज के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई, जिससे कार्यक्रम के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। आरोप लगाया गया कि कार्यक्रम स्थल पर आरएसएस से जुड़ा प्रचार किया जा रहा है, जिसका सतनामी समाज के कुछ सदस्यों ने विरोध किया।

लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन 29 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश हेतु विभिन्न कोर्स में आवेदन फार्म जमा किये जा रहे है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर एवं फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कोर्स हेतु आवेदन कर सकती है। प्रवेश हेतु आवदेन फार्म एवं विस्तृत जानकारी हेतु संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

बिलासपुर रेल मंडल के राकेश रंजन होंगे नए डीआरएम

बिलासपुर /नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में ट्रेन हादसे के बाद डीआरएम राजमल खोईवाल को हटाए जाने के बाद अब पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी राकेश रंजन को नियुक्त किया गया है। खोईवाल की जगह पहले यहां पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सीएसई उमेश कुमार को डीआरएम बनाया गया था। लेकिन, उन्होंने रेलवे बोर्ड के इस आदेश को पारिवारिक कारणों से ठुकरा दिया था। वहीं, 4 नवंबर को हुए कोरबा-बिलासपुर रेल हादसे में

एक और मौत हो गई है। अरपा एलीट हॉस्पिटल में भर्ती घायल तुलाराम अग्रवाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 19 लोग हुए थे। दरअसल कोरबा-बिलासपुर मेमू हादसे की सीआरएस रिपोर्ट आने के बाद रेलवे बोर्ड ने 11 दिसंबर को तबादला आदेश जारी किया था। इस आदेश में वर्तमान डीआरएम राजमल खोईवाल को हटा कर उनकी जगह पश्चिम रेलवे में पदस्थ सीएसई उमेश कुमार को डीआरएम नियुक्त किया था। उमेश कुमार ने पारिवारिक परिस्थितियों और बेटे की पढ़ाई का हवाला देते हुए नई जिम्मेदारी संभालने में खुद को असमर्थ बताया। उन्होंने इस संबंध में रेलवे बोर्ड के सचिव को पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया कि उनका बेटा वर्तमान में 10वीं कक्षा के मध्य सत्र में है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में परिवार को शिफ्ट करने से बेटे की पढ़ाई और तैयारी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पत्नी भी कार्यरत हैं, जिससे इस समय तबादला व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। बता दें कि उमेश कुमार पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सीएसई हैं। वो वर्तमान में पश्चिम रेलवे, चर्चगेट (मुंबई) में मुख्य सिग्नल व दूरसंचार इंजीनियर (सीएसई-द्व) के पद पर पदस्थ हैं।

डिसाइपल चर्च में क्रिसमस और नववर्ष की तैयारियां जोरों पर

धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों की बनी रूपरेखा

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित डिसाइपल चर्च में हर वर्ष की तरह इस साल भी क्रिसमस पर्व और नववर्ष का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर चर्च परिसर में तैयारियां तेज हो गई हैं और विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है। वर्तमान में चर्च में कई धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, जो नए साल के बाद तक लगातार चलेंगी। चर्च में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए अलग-अलग आयोजन किए जाएंगे। 21 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह के जन्म से जुड़ी बाइबिल की घटनाओं पर आधारित कार्यक्रम, नाट्य प्रस्तुति और मोमबत्ती प्रार्थना आयोजित की जाएगी। इसके बाद संगीतमय आराधना और विशेष चर्च सेवा होगी, जिसमें संडे स्कूल के बच्चे, युवा सभा और महिला सभा के सदस्य अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन सामूहिक आराधना के बाद सामाजिक भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी लोग मिलकर सहभागिता करेंगे। लोग अपने घर से भोजन लाकर साझा करेंगे और जरूरतमंदों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसी दिन कैम्प फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारिवारिक मिलन के माध्यम से क्रिसमस का आनंद मनाया जाएगा। 27 दिसंबर को सामूहिक पिकनिक तथा 28 दिसंबर को बोर्ड परीक्षा, स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान और प्रोत्साहन किया जाएगा।

सिम्स में भर्ती गुरु का हाल जानने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरुवार को सपरिवार सिम्स पहुंचे। यहां उन्होंने चिरमिरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के पीठाधीश एवं अपने गुरु बाबा पुरुषोत्तम पुरी का हाल-चाल जाना। वे पिछले चार दिनों से सिम्स में भर्ती हैं और फिलहाल आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार बाबा पुरुषोत्तम पुरी को हाइपर टेंशन, दिमागी समस्या के साथ-साथ बोलने में भी परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों से उनकी सेहत को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सिम्स

के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. लखन सिंह को गुरुजी के इलाज पर विशेष निगरानी रखने और हर संभव बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आयोजन | **विकास, पर्यावरण और गतिशीलता का संतुलन: दिल्ली डेवलपर्स मीट 3.0 में तोखन साहू ने किया संबोधन**

पुनर्विकास से बेहतर आवास, आधुनिक सुविधाओं से लोगों के जीवन स्तर में होगा सुधार: तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने द इम्पीरियल, नई दिल्ली में नारेडको (एनएआरईडीसीओ) द्वारा आयोजित दिल्ली डेवलपर्स मीट 3.0 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने 'दिल्ली में सतत पुनर्विकास और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी)' विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रतिनिधि तथा शहरी विकास विशेषज्ञ उपस्थित रहे। राज्य मंत्री तोखन साहू ने एनएआरईडीसीओ की पहल की सराहना करते हुए कहा कि तेज़ी से बढ़ती आबादी, सीमित भूमि संसाधन, यातायात दबाव और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच दिल्ली जैसे महानगर में शहरी विकास को नए दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सतत पुनर्विकास और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये जीवन की गुणवत्ता सुधारने, सुव्यवस्थित शहरी ढाँचा विकसित करने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की एक समग्र सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं। श्री साहू ने दिल्ली के पुराने आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पुनर्विकास के माध्यम से बेहतर आवास, आधुनिक सुविधाएँ, खुले स्थान और सुरक्षित बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराया जा सकता है, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

उन्होंने ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे नागरिकों को आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे समय की बचत होगी, यातायात जाम और प्रदूषण में कमी आएगी तथा शहर अधिक सुव्यवस्थित बनेगा।

निजी क्षेत्र की सहभागिता जरुरी

श्री साहू ने आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मंत्रालय राज्यों और शहरों को प्रगतिशील नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट नीति, 2017 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य परिवहन केंद्रों के आसपास उच्च घनत्व वाले, मिश्रित उपयोग क्षेत्रों का विकास करना है, जिससे यात्रा समय घटे, पैदल यात्रियों को सुविधा मिले और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निजी क्षेत्र की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि केवल सरकारी प्रयासों से अपेक्षित परिणाम संभव नहीं हैं।

जी राम जी के पक्ष में सरकार की दलीलें और विपक्ष की मुखलाफत

विपक्षी दलों के भारी विरोध बीच पारित इस विधेयक पर केंद्र सरकार का दावा है कि इसे विकसित भारत, 2047 के विजन के साथ तैयार किया गया है और इससे मजदूरों के जीवन के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर में भी बदलाव आएगा. इसे संक्षेप में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक कहा जा रहा है. सरकार इसके पक्ष में दलीलें दे रही हैं और विपक्षी दल इसके खिलाफ। वर्ष 2005 में केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम यानी नरेगा बनाया किया था। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों को इससे जोड़ने के लिए चार साल बाद इस योजना के नाम में उनका नाम जोड़ दिया गया। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी मजबूत की जाएगी ताकि बाजारों तक पहुंच आसन हो सके. इसमें उन इलाकों में नए तालाबों के निर्माण और पुराने के पुनरुद्धार का भी प्रावधान है ताकि ग्रामीण इलाकों में जल सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। पानी और सिंचाई की सुविधाएं मिलने से बहुफसली खेती को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना में मुख्य रूप से चार बिंदुओं को प्राथमिकता दी गई है. इनमें जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही ग्रामीण इलाके में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना, जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की दिशा में काम करना और रोजगार से संबंधित आधारभूत ढांचे को मजबूत करना शामिल है। केंद्र सरकार का कहना है कि रोजगार के मौके बढ़ने से ग्रामीण इलाकों से पलायन पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पहले अक्सर खेती खासकर बुवाई और कटाई के समय मजदूरों की कमी से जूझना पड़ता था. लेकिन नए कानून के तहत खेती के सीजन में 60 दिनों तक योजना का काम बंद रहेगा. इससे मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी. यह 60 दिन केंद्र सरकार ही तय करेगी।

मनरेगा कानून को बदलने के विरोध में उतरी डीएमके

❐ प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान

नई दिल्ली। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस ने मनरेगा के बदले लाए गए नए विधेयक के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान किया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित नए कानून के खिलाफ 24 दिसंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मनरेगा योजना के लाभार्थियों को डीएमके और अन्य सहयोगी पार्टियों के जिला सचिवों, विधायकों, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों और गठबंधन पार्टियों के सदस्यों द्वारा लामबंद किया जाएगा। गठबंधन की मांग है कि विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन विधेयक, 2025 को वापस लिया जाए, जो मनरेगा को खत्म करता है और एक नया ग्रामीण रोजगार ढांचा पेश करता है। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जारी बयान में कहा, '24 दिसंबर को, प्रदेश में सुबह 10 बजे और पार्टी के सभी स्थानीय स्तरों पर 100-दिवसीय रोजगार योजना के लाभार्थियों को लामबंद करके विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 18 दिसंबर को, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र की नई ग्रामीण रोजगार योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें महात्मा गांधी का नाम हटाना और राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

डंकी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई करोड़ों रुपये और 300 किलो चांदी जब्त

नई दिल्ली। डंकी रूट के जरिए भारत से युवाओं को अमेरिका भेजने के मामले में ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने दिल्ली-पंजाब समेत कई राज्यों में दर्जन भर से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में ईडी ने चार करोड़ रुपये से ज्यादा नकद और 300 किलो से ज्यादा चांदी और छह किलो सोने के बिस्किट जब्त किए। ये छापे गुरुवार को दिल्ली, पंजाब (जालंधर) और हरियाणा (पानीपत) में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर मारे गए।

आरोप है कि एजेंट अवैध रूप से अमेरिका जाने वाले लोगों के प्रॉपर्टी के दस्तावेज अपने कमीशन की रकम की गारंटी के तौर पर रखते थे। 'डंकी' शब्द का मतलब उस लंबी और मुश्किल यात्रा से है जो अप्रवासी अवैध रूप से देशों में घुसने के लिए करते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जुलाई में डंकी मामले में पहली बार छापेमारी की थी। हाल ही में कुछ ट्रैवल एजेंटों की 5 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी, जिन्होंने इस अवैध रैकेट के पीछे कुछ कथित आरोपियों की पहचान की गई। श्वष्ठ की जांच पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा फरवरी 2025 में अमेरिकी सरकार द्वारा सैन्य कार्गो विमानों में 330 भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजने के संबंध में दर्ज की गई। इन मामलों में कई एफआईआर हुईं। ईडी का कहना है कि आरोपियों ने उन्होंने भोले-भाले लोगों को कानूनी रूप से अमेरिका भेजने का लालच देकर धोखा दिया और इसके लिए भारी रकम वसूली।

दिल्ली के ट्रैवल एजेंट से करोड़ों रुपये जब्त

अधिकारियों ने दावा किया कि दिल्ली के एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से 4.62 करोड़ रुपये कैश, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोने के बिस्किट जब्त किए हैं। जांचकर्ताओं ने छापों के दौरान मिले फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से कुछ आपत्तिजनक चैट भी बरामद की हैं। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में एक मुख्य आरोपी के ठिकाने से 'डंकी' बिजनेस से जुड़े रिकॉर्ड और दस्तावेज मिले हैं।

जाली नोट गिरोह का पर्दाफाश 6.51 लाख के नकली नोट जब्त

❐ उच्च अधिकारियों के निर्देशन में ऑपरेशन

पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह के सरगना गौरव पुडीर को सहारनपुर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से जाली नोट छापने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफपहले भी जाली नोटों से जुड़े प्रकरण दर्ज रहे हैं।

जयपुर। जयपुर क्राइम ब्रांच आयुक्तालय की सी.एस.टी. टीम ने पुलिस थाना चित्रकूट (पश्चिम) क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए जाली नोटों के अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6 लाख 51 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। साथ ही जाली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त जयपुर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन और विशेष पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश के निर्देशन में की गई। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लाल मीना के नेतृत्व में सी.एस.टी. टीम ने लगातार आसूचना संकलन के बाद यह सफलता हासिल की।

इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त

नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी।

इस महीने की शुरुआत में उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है। परिचालन संकट से पहले देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो रोजाना 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती थी। अधिकारी ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य भविष्य में ऐसी तकनीकी और परिचालन संबंधी गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है।

यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य एयरलाइंस के शेड्यूल पालन की भी निगरानी की जा रही है? इस पर जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा 'कोहरे के मौसम और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए एयरलाइंस को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो।

ट्रम्प ने वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर किए

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर कर दिए है। अमेरिकी सीनेट ने बुधवार को वित्त वर्ष 2026 के लिए 901 अरब डॉलर का राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम पास कर दिया। इस विधेयक को सीनेट में 77-20 और हाउस में 312-112 वोटों से मंजूरी मिली।

हिंसा और नफरत कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे, दोषियों को बख्शेंगे नहीं

ढाका। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को देश में जारी हिंसा और अशांति पर अपनी पहली प्रतिक्रिया जारी करते हुए नागरिकं से भीड़ हिंसा के कृत्यों का विरोध करने का आग्रह किया। सरकार ने कहा कि वह हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति के विनाश के सभी रूपों की "कड़ी और स्पष्ट रूप से" निंदा करती है। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी से उतारने का खतरा पैदा करते हैं। अंतरिम सरकार ने कहा, हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति के विनाश के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।

युनूस सरकार की सख्त चेतावनी

युनूस सरकार ने बांग्लादेश के सभी नागरिकों से भीड़ हिंसा के सभी रूपों का विरोध करने का आग्रह किया, जिसे उसने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया बताया। सरकार ने कहा, "यह हमारे देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। हम इसे उन कुछ लोगों के हाथों पटरी से उतरने नहीं दे सकते और न ही ऐसा होने देना चाहिए जो अराजकता फैलाते हैं और शांति को नकारते हैं।"

मोहम्मद युनूस ने आगे कहा, यह वादा उस सपने से अविभाज्य है जिसके लिए शहीद शरीफ उस्मान हादी ने अपना प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान का सम्मान करने के लिए संयम, जिम्मेदारी और घृणा को नकारने की दृढ़ प्रतिबद्धता आवश्यक है।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

शेयर बाजार में जमकर निवेश कर रहे भारतीय इस साल 4.5 लाख करोड़ रुपए इक्विटी में डाले

मुंबई(आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार में घरेलू निवेशक जमकर निवेश कर रहे हैं। इस साल म्यूचुअल फंड्स और अन्य अप्रत्यक्ष निवेश तरीकों से घरेलू निवेशकों ने इक्विटी मार्केट्स में 4.5 लाख करोड़ रुपए डाले हैं। यह दिखाता है कि घरेलू सेविंग्स अब धीरे-धीरे मार्केट की ओर आकर्षित हो रही है। यह जानकारी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि कोरोना का बाद देश का रिटेल निवेशकों का आधार तेजी से मजबूत हुआ है और व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2025 तक बढ़कर 12 करोड़ से अधिक हो गई है, जो कि 2019 में तीन करोड़ के आसपास थी। एनएसई की रिपोर्ट में बताया गया कि इस बढ़त को केवल डायरेक्ट इक्विटी निवेश में भागीदारी का ही समर्थन नहीं मिला है, बल्कि म्यूचुअल फंड्स और अन्य बाजार से जुड़े उत्पादों का भी समर्थन मिला है। 2020 के बाद भारत का मार्केट-लिंक्ड उपकरणों में घरेलू निवेश बढ़कर करीब 17 लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया है।

अमेजन पे ने लॉन्च किया यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन

नई दिल्ली। अमेजन पे ने आज यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेजन पे यह जबरदस्त फीचर शुरू करने वाला भारत का पहला पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बन गया है। अब ग्राहक बिना पिन याद रखे या डाले, सिर्फ फिंगरप्रिंट या फेस स्कैन से अपने ट्रांजैक्शन को मंजूरी दे सकते हैं। चाहे किसी दोस्त को पैसे भेजने हों, दुकान पर भुगतान करना हो या अमेजन पे यूपीआई के जरिए बैलेंस चेक करना हो – अब आपकी उंगली का निशान या चेहरा ही आपकी सुरक्षित चाबी बनेगा। नई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा के तहत 5,000 रुपये तक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि ग्राहकों को यह अनुभव काफी पसंद आ रहा है। पात्र पीयर-टू-पीयर यूपीआई ट्रांजैक्शन में 90 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक बायोमेट्रिक विकल्प को चुन रहे हैं। यह नई सुविधा भुगतान प्रक्रिया को तेज, आसान और सुरक्षित बनाती है, क्योंकि बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन ग्राहक के डिवाइस से जुड़ा होता है ।

रत्चानोक इंतानोन की सेमी फाइ. में पहुंचने की उम्मीद बरकरार

हांग्जो(आईएएनएस)। पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन ने शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के शुरुआती लीग स्टेज में चीन की तीसरी सीड हान यू पर आसान जीत के साथ महिला सिंगल्स ग्रुप बी से आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदें बनाए रखीं। हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम के कोर्ट 1 पर खेले गए मैच में, रत्चानोक 38 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-10 से विजेता बनीं। इस बीच, ग्रुप ए में, कोरिया की टॉप सीड से यंग और अकाने यामागुची वरीयता में शीर्ष पर रहीं, जिससे सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की हो गई। से यंग तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहीं, जबकि यामागुची तीन मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी तीन मैचों में एक जीत से एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि टोमोका मियाजाकी चार खिलाड़ियों के ग्रुप में तीन हार और बिना किसी अंक के आखिरी स्थान पर रहीं। से यंग ने चौथी सीड वाली यामागुची को तीन कड़े गेम में हराया, पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए 47 मिनट में 13-21, 21-5, 21-14 से जीत हासिल की। उसी कोर्ट 2 पर खेले गए एक मैच में, इंडोनेशिया की पुत्री ने जापान की टोमोका मियाजाकी को दो गेम में हराया, 38 मिनट में 21-17, 21-9 से जीत हासिल की। शाम के सेशन में, भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ग्रुप बी के मुकाबले में मलेशिया के दूसरी सीड वाले एरॉन चिया और सोह वूई यिक पर जीत के साथ अपने ग्रुप का अंत करने की उम्मीद करेंगे।

भारती एयरटेल में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर परिवर्तन की घोषणा

गोपाल विट्टल बनेंगे एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन; शाश्वत शर्मा जनवरी 2026 से एमडी और सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे

नई दिल्ली। पिछले तेरह वर्षों से भारती एयरटेल का नेतृत्व मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ के रूप में कर रहे गोपाल विट्टल को सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना के तहत, अक्टूबर 2024 में भारती एयरटेल लिमिटेड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया था, जबकि शाश्वत शर्मा को कंपनी का सीईओ डेजि़ग्नेट बनाया गया था।

पूर्व निर्धारित उत्तराधिकार प्रक्रिया के अनुरूप, 1 जनवरी 2026 से गोपाल विट्टल भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन की भूमिका संभालेंगे। इस नई जिम्मेदारी में वे भारती एयरटेल और उसकी सभी सहायक कंपनियों की निगरानी करेंगे।

अपने नए पद में गोपाल विट्टल समूह स्तर पर डिजिटल और टेक्नोलॉजी, नेटवर्क रणनीति, प्रोक्योरमेंट और टैलेंट जैसे क्षेत्रों में तालमेल को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसके साथ ही वे समूह की रणनीति और संगठन को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

सफल और सुव्यवस्थित ट्रांजिशन प्रक्रिया के बाद, 1 जनवरी 2026 से शाश्वत शर्मा भारती एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ का पद संभालेंगे।

'रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स' रिव्यू

मुंबई। फिल्मः रात अकेली है - द बंसल मर्डर्स, निर्देशकः हनी त्रेहान, कलाकारः राधिका आप्टे, रजत कपूर, संजय कपूर, अखिलेंद्र मिश्रा, दीप्ति नवल, रेवती, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, चित्रांगदा सिंह, प्रियंका सेतिया, कहां देखेंः नेटफ्लिक्स, रिलीज डेटः 19 दिसंबर 2025, रन टाइमः 2 घंटे 15 मिनट, रेटिंग्सः 4 स्टार्स। 'रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स' ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह फिल्म 2020 में रिलीज हुई पहली हिट फिल्म 'रात अकेली है' का सीक्वल है। हालांकि, फिल्म को इस तरह बनाया गया है कि अगर आपने पहली फिल्म नहीं देखी है, तब भी आप इसे आसानी से समझ सकते हैं। फिल्म की कहानी बंसल परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। यह एक अमीर और प्रतिष्ठित परिवार है, लेकिन एक रात अचानक वहां कई हत्याओं की घटनाएं घटती हैं।

न्यूज गैलरी

असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर के 25 पदों पर भर्ती, आवेदन 26 जनवरी तक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोफेसर, एरोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 25 पदों पर भर्ती के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने आवेदन मंगाए हैं। इन पदों के लिए 26 जनवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रोफेसर के 15 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें बॉटनी, बॉयोटेक्नोलॉजी, केमिकल इंजीनियरिंग, कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, हिंदी, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, जेएमसी, लाइब्रेरी साइंस, मैनेजमेंट स्टडीज और जूलॉजी के एक-एक पद हैं, जबकि फॉरेंसिक साइंस और प्योर एंड एप्लायड फिजिक्स के दो-दो पद हैं। इसी तरह एसोसिएट प्रोफेसर के 7 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें बॉयो टेक्नोलॉजी, केमिकल इंजीनियरिंग, सीएसआईटी, कॉमर्स, लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस, मैनेजमेंट स्टडीज और सोशल वर्क के एक एक पद हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर के 3 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी, इकोनॉमिक्स और फॉरेस्ट्री के एक एक पद शामिल हैं। इन पदों के लिए जिन अभ्यर्थियों ने 22 मई 2025 के विज्ञापन के तहत आवेदन कर रखा है, उनको भी आवेदन करना होगा। हालांकि, उनको दुबारा फीस नहीं जमा करनी होगी।

डिप्टी रजिस्ट्रार समेत अन्य गैर शिक्षकीय पदों के लिए जीजेयू ने मंगाया आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार समेत अन्य गैर शिक्षकीय पदों के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने आवेदन मंगाए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 26 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने डिप्टी रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पदों के लिए 4 सितंबर 2024 को जारी विज्ञापन के अनुसार आवेदन किया था, उनको फिर से आवेदन देना होगा। हालांकि, उनको इसके लिए दुबारा फीस जमा नहीं करना होगा। बता दें कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने डिप्टी रजिस्ट्रार के एक पद, डिप्टी रजिस्ट्रार (लीव वेकेंसी) के पद के अलावा असिस्टेंट रजिस्ट्रार 1 पद, सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट (आईसीटी कैडर) 1 पद, अपर डिवीजन क्लर्क पद, लोवर डिवीजन क्लर्क 1 पद, लाइब्रेरी असिस्टेंट 1 पद और लेबोरेट्री असिस्टेंट के 1 पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया है। अलग- अलग पदों के लिए अलग- अलग आवेदन जमा करना होगा। रिक्त पदों की संख्या, न्यूनतम योग्यता एवं आवेदन जमा करने के लिए आवश्यक निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ggu.ac.in पर दी गई है।

फॉर्म हाउस में देर रात हुल्लड़पार्टी पर पुलिस ने मारा छापा

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा में एक निजी फार्म हाउस में देर रात तक पार्टी और हुल्लड़बाजी करने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने यहां देर रात छापा मारा। यहां 7 युवतियों के साथ 15 युवक पार्टी कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। साथ ही फार्म हाउस संचालक को गिरफ्तार किया गया है। छापे के दौरान शराब की बोतलें भी जब्त की गई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा में स्थित जेडी फार्म हाउस में मंगलवार देर रात तक पार्टी चल रही थी। इस दौरान तेज आवाज में गाने बज रहे थे और युवक-युवती मिलकर जमकर हंगामा कर रहे थे। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत की। शिकायत पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और विधानसभा थाना की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सभी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सभी पुलिस की मौजूदगी में ही हुल्लड़ करने लगे। इसके बाद पुलिस ने जेडी फार्म के संचालक अमन दुलानी के साथ ही हुड़दंग करने वाले देवेन्द्र साहू, गौरव जोशी, वैभव पाठक, मनीष वर्मा, निखिल वर्मा, जय प्रकाश महेश्वरी, दीपक धीवर, विकास दास मानिकपुरी, रितिक मिश्रा रुपेन्द्र सिंह ठाकुर, तनजीत प्रीत सिंह, शिवम आर्या, हरिओम दुबे, देवांश ठाकुर, आलोक धर दीवान सहित 7 युवतियों को गिरफ्तार किया है।

हाथियों का लगातार तीसरे दिन आतंक जारी, ग्रामीण को कुचला

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के अलग-अलग वन परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार तीसरे दिन हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत का मामला सामने आया है। वन परिक्षेत्र बालको के ग्राम पंचायत अजगर बहार में हाथी ने घर में मौजूद ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, लगातार हाथियों का आतंक कोरबा जिले में पिछले 3 दिन से देखने को मिल रहा है। इससे पहले कटघोरा वन मंडल में 24 घंटे के भीतर लोनर हाथी ने दो महिलाओं को मौत के घाट उतारा। गुरुवार को जटगा रेंज के गांव बिंझरा के आश्रित ग्राम चंदनपुर में हाथी ने एक महिला को पटक कर मार डाला। वहीं बुधवार को चैतमा रेंज में लोनर हाथी ने एक महिला को मौत की नींद सुलाया था।

अशांति फैलाने वाले 13 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सिरगिट्टी क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। बिलासपुर एसएसपी के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर के नेतृत्व में विशेष पेट्रोलिंग चलाई गई। आदतन बदमाशों की चिन्हित कर समय रहते गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप रजक उर्फ पिंटू, मुखी वर्मा, ओम प्रकाश लहरे, रोशन मंडावी, राज मिश्रा, साहिल लहरे, शेख जानू उर्फ आयान, सुन्दर अधिकारी, अनिश यादव, रोशन ध्रुव, संदीप रजक, संदीप साहू एवं अभिषेक कुमार साहू शामिल हैं।

सड़क हादसे में मौत, जांच के बाद मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने दुर्घटना में हुई मौत के मामले में जांच के बाद अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विगत 3 दिसंबर 2025 को जोरातराई थाना पटेवा निवासी संतोष कुलदीप (42) अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 एचई 3642 से अपने बड़े पिताजी अगनू कुलदीप के घर ग्राम पंडरीखार गया था। 5 दिसंबर की रात 8.30 से सुबह 07 बजे के मध्य बाइक से घर वापस आ रहा था। ग्राम सोनासिल्ली से दुरूगपाली के बीच नाला के पास बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से सिर में आई चोट के कारण उनकी मौत हो गई थीं। इसी बीच उनका मोबाइल, बाइक व उसमें रखा कार्टून अज्ञात ने पर कर दी थी। जांच में लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर स्वयं गिरकर चोट लगने से मौत होने तथा मोबाइल, कार्टून अज्ञात द्वारा चोरी करने पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1), 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

26 जनवरी से 13 फरवरी तक कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

नए साल में रेल यात्रियों को लगेगा झटका: 17 दिनों तक कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। नए साल की शुरुआत यात्रियों के लिए परेशानी भरी साबित होने वाली है। जनवरी-फरवरी 2026 में रेलवे की बड़ी तकनिकी परियोजना के चलते कई अहम ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है. जिससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ेंगे। काजीपेट-बल्लारशाह रेल खंड में तीसरी लाइन बिछाने के कार्य के कारण रेलवे द्वारा प्री नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। इस तकनिकी कार्य के चलते साल के शुरूआती दो महीनों में कुल 17 दिनों तक कई ट्रेनों रद्द रहेंगी।

ये ट्रेनें हुई हैं रद्द

मिली जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक करीब आधा दर्जन प्रमुख ट्रेनें रद्द रहेंगी। रद्द की जाने वाली ट्रेनों में सिकंदराबाद एक्सप्रेस, पटना-चलरपल्ली एक्सप्रेस, यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं।

कोलकाता-लखनऊ फ्लाइट के यात्री फंसे रायपुर में, हंगामा: कोलकाता से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट भुवनेश्वर होकर रायपुर पहुंची, लेकिन यात्रियों को यहां उतार दिया गया। लखनऊ भेजने का वादा पूरा न होने पर यात्री देर रात तक एयरक्राफ्ट में बैठे रहे और स्थिति विवादास्पद हो गई। कई यात्रियों ने एयरलाइन पर धोखा देने का आरोप लगाया।

तीन दिनों के बाद भी इंडिगो संकट जारी

वहीं स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन का संकट शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। डीजीसीए के नए नियमों के बाद उड़ानों के शेड्यूल पर भारी असर पड़ा है। स्थिति यह है कि इंडिगो की लगभग 6 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, इंदौर रूट सबसे ज्यादा प्रभावित

दिल्ली-रायपुर-दिल्ली रूट पर इंडिगो की पांच फ्लाइटें रद्द, जबकि मुंबई-रायपुर-मुंबई के बीच संचालित होने वाली तीनों नियमित उड़ानें शुक्रवार को नहीं चलीं इसके अलावा अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और बेंगलुरुवार रूट पर उड़ानें कई-घंटों की देरी से आईं।

उड़ानें रद्द, दूसरी फ्लाइट्स के दाम दोगुने: फ्लाइट रद्द होते ही दूसरी एयरलाइंस के टिकटों के दाम में 100त्न तक बढ़ोतरी देखी गई। कई यात्रियों ने बताया कि 5-6 हजार के टिकट 12-15 हजार तक पहुंच गए हैं।

मुंबई-रायपुर संपर्क पूरी तरह टूटा: शुक्रवार को मुंबई और रायपुर के बीच आने-जाने वाली कोई भी उड़ान नहीं चली। इसी तरह दिल्ली रूट पर इंडिगो की उड़ानें रद्द रहने से यात्रियों को केवल एयर इंडिया की तीन फ्लाइटों पर निर्भर रहना पड़ा।

महिलाओं से सुरक्षित वातावरण में सशर्त रात से सुबह तक लिया जा सकेगा काम

राज्य सरकार ने बनाया नया नियम, विधेयक को विधानसभा से मिल गई मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब किसी महिला कर्मी से रात 9 से लेकर सुबह 6 बजे तक काम लिया जा सकता है, लेकिन इसके साथ ये शर्त भी है कि कार्यस्थल पर महिला कर्मी के लिए पूरी तरह सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। यह नियम उन दुकानों या स्थापनाओं पर लागू होगा, जहां दस या उससे अधिक कर्मी काम करते हैं। राज्य सरकार ने यह बदलाव करने के लिए छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) संशोधन विधेयक राज्य विधानसभा में पेश किया था। इस विधेयक को विधानसभा से मंजूरी मिल गई है।

संशोधन में कहा गया है कि, किसी महिला को, सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे के मध्य को छोड़कर, दुकान या स्थापना में अपेक्षित या अनुज्ञात नहीं किया जायेगा, परन्तु यह कि जहां राज्य शासन या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति का समाधान हो जाता है कि आश्रय, विश्राम गृह, रात्रि शिशु गृह, महिला प्रसाधन, उसकी गरिमा, सम्मान एवं सुरक्षा का समुचित संरक्षण, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा एवं दुकान एवं स्थापना से उनके विद्यमान निवास के द्वार तक उनको पहुंचाने की व्यवस्था ऐसे दुकान या स्थापना में है, तो यह अधिसूचना द्वारा महिला कर्मकार की सहमति अभिप्राप्त करने के बाद, ऐसी शर्तों, जैसा कि अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये, के अध्यधीन रहते हुए रात्रि 9 से सुबह 6 बजे तक कार्य करने के लिए उनको अनुज्ञात कर सकेगा।

अब 12 घंटे भी ले सकते हैं काम

किसी दुकान या स्थापना में एक पाली में विश्राम अंतराल सहित कार्य के कुल घण्टों की अवधि, साढ़े दस घण्टे से अधिक नहीं होगी और यदि कर्मकार को अनिरंतर प्रकृति के कार्य या अतिआवश्यक कार्य सौंपें गये हैं. तो कार्य की कुल अवधि, बारह घण्टे से अधिक नहीं होगी।

जरूरी हुआ तो हफ्ते में 48 घंटे से अधिक काम ले सकते हैं

नए संशोधन में कहा गया है कि किसी भी वयस्क कर्मकार से दुकान या स्थापना में सप्ताह में अड़तालीस घण्टे एवं एक दिन में नौ घण्टे से अधिक निरंतर कार्य करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी अथवा उन्हें अनुज्ञात नहीं किया जायेगा जब तक कि प्रत्येक पांच घंटे के पश्चात उसे विश्राम अन्तराल, जो आधे घण्टे से कम न हो, नहीं दिया गया हो, परंतु अत्यावश्यक प्रकृति के कार्य की दशा में एवं फैसिलिटेटर की पूर्व अनुमति से, कार्य के घण्टे या साप्ताहिक विश्राम को शामिल की जा सकेगी।

क्यों किया गया है यह बदलाव

राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव के पीछे ये बताया है कि इसके पीछे वजह क्या है। सरकार का कहना है कि श्रमिक विधायन का लक्ष्य राज्य में श्रमिकों के लिए कार्यकारी वातावरण को विनियमित करना तथा उनके कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्यकारी दशाओं को सुनिश्चित करना है। यह इसलिए जरुरी है क्योंकि राज्य की अर्थव्यवस्था में स्थापनाओं, व्यापार एवं सेवा क्षेत्र का योगदान निरंतर बढ़ रहा है। बदलते हुए औद्योगिक वातावरण, प्रतिस्पर्धा की बढ़ती चुनौती तथा उद्यमशीलता एवं निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु कार्य संबंधी प्रावधानों में लचीलापन लाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

धान के अवैध परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई जारी

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा अवैध भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम कोयलंगा-भुइयांपाली मार्ग पर एक पिकअप वाहन से अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 24 क्विंटल धान जब्त किया गया। एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा ने बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 13 एएच 4452 को जांच के दौरान रोका गया, जिसमें लगभग 60 कट्टों में भरा 24 क्विंटल धान परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक किशोर प्रधान द्वारा पूछताछ में बताया गया कि धान किसान कमलेश साहू का है, जिसे जामगांव धान उपार्जन केंद्र ले जाया जा रहा है।

जब जामगांव धान उपार्जन केंद्र में संबंधित किसान के नाम से जारी ऑनलाइन टोकन की जांच की गई, तो उक्त तिथि का कोई वैध टोकन दर्ज नहीं पाया गया। इसके आधार पर धान को अवैध रूप से परिवहन किया जाना प्रमाणित हुआ। तत्पश्चात मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए धान को जप्त किया गया।

बढ़ते ट्राफिक से निपटने लाभांडी से सरोना तक सर्विस रोड होगी 10-10 मीटर चौड़ी

■ **फरवरी से शुरू होंगे फ्लाईओवर के काम**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ती ट्रैफिक समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर बड़ा सुधार कार्य किया जाएगा। लाभांडी से सरोना चौक तक सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड की चौड़ाई वर्तमान 5 मीटर से बढ़ाकर 10-10 मीटर की जाएगी। लगभग 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर सर्विस रोड के किनारे नई नालियों का निर्माण भी किया जाएगा, जो पूरी तरह कवर्ड रहेंगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस परियोजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। एनएचएआई मुख्यालय से मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और फरवरी-मार्च से चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार, सर्विस रोड चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, इसलिए भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। चौड़ीकरण के बाद अवैध कब्जे और बेतरतीब पार्किंग पर भी रोक लगेगी।

ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी राहत: इसके साथ ही शहर में ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या को देखते हुए तेलीबांधा चौक, उद्योग भवन चौक, सरोना चौक तथा अटल एक्सप्रेस-वे को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से जोड़ने वाले शदाणी दरबार के पास ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवर का निर्माण भी किया जाएगा। इन फ्लाईओवरों के लिए स्वायल टेस्टिंग एवं जियो टेक्निकल जांच का कार्य तेजी से जारी है।

बनेगा फ्लाईओवर भी: एनएचएआई के अनुसार, टाटीबंध से तेलीबांधा, वीआईपी चौक और अग्रसेन धाम चौक तक रोजाना भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। चौबीसों घंटे भारी वाहनों की कतारें लगती हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी होती है। फ्लाईओवर निर्माण और सर्विस रोड चौड़ीकरण के बाद इस समस्या से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने

22 को रायपुर आएंगी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी, राज्य अतिथि घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता एवं लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम अवेकनिंग विथ ब्रह्माकुमारीज की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी दो दिवसीय प्रवास पर 22 दिसंबर को रायपुर पहुंचेंगी। छत्तीसगढ़ शासन ने उनके प्रवास के दौरान उन्हें राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान किया है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं ब्रह्माकुमारीज रायपुर की संचालिका सविता दीदी ने जानकारी दी कि चेम्बर ऑफ कामर्स और ब्रह्माकुमारीज उद्योग प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में 22 दिसंबर को शाम 6 बजे श्याम टाकीज के निकट बुढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में एक भव्य

आध्यात्मिक समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शिवानी दीदी अनिश्चितता से मुकाबला विषय पर अपना दिव्य उद्बोधन देंगी। इसके पश्चात 23 दिसंबर को सुबह 7 बजे नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-20 स्थित शांति शिखर में वे संकल्प से सिद्धि÷ विषय पर व्याख्यान देंगी। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और प्रबुद्धजनों के शामिल होने की संभावना है। आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, महापौर मीनल चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, चेम्बर ऑफ कामर्स एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा, हालांकि प्रवेश पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जो चेम्बर ऑफ कामर्स कार्यालय अथवा ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र से उपलब्ध होंगे। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी पुणे विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं और दो दशकों से अधिक समय से राजयोग साधना कर रही हैं।

पार्षद सहित बरमुडा ग्रामवासियों ने जताया जिंदल स्टील प्रबंधन का आभार

जिंदल फाउंडेशन ने शुरू किया गंगासागर तालाब का गहरीकरण

रायगढ़/नवप्रदेश। ग्राम बरमुडा स्थित गंगासागर तालाब के जीर्णोद्धार का बीड़ा जिंदल फाउंडेशन ने उठा लिया है। 12 एकड़ के क्षेत्रफल में फैले इस विशाल तालाब के गहरीकरण के कार्य की शुरूआत जिंदल फाउंडेशन की टीम ने कर दी है। जिंदल स्टील लिमिटेड के अधिकारियों ने वार्ड पार्षद के साथ भूमिपूजन कर शुक्रवार से गहरीकरण के कार्य की शुरूआत की।

भू-जल स्तर को बनाए रखने तालाबों का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। जिंदल फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में तालाबों के गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और संवर्धन के लिए अनेक प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में जिंदल फाउंडेशन द्वारा ग्राम बरमुडा स्थित गंगासागर तालाब के गहरीकरण का जिम्मा भी उठा लिया है। क्षेत्र के पार्षद विष्णुचरण पटेल ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर जिंदल स्टील लिमिटेड प्रबंधन के समक्ष इस संबंध में मांग रखी थी।

कंपनी प्रबंधन ने इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से इस संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी। शुक्रवार को ग्राम बरमुडा के तालाब में गहरीकरण कार्य की विधिवत शुरूआत की गयी। इस अवसर पर जिंदल स्टील लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, वार्ड पार्षद विष्णुचरण पटेल, सीएसआर विभाग प्रमुख अपूर्व चौधरी, बड़ी

संख्या में ग्रामीणों सहित सीएसआर टीम उपस्थित रही। अतिथियों ने फावड़ा चलाकर गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इससे ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने जिंदल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। गहरीकरण कार्य पूरा होने के बाद तालाब की जल संधारण क्षमता बढ़ जाएगी और क्षेत्र के भू-जल स्तर की वृद्धि में भी यह सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीणों की निस्तारी में भी इससे मदद मिलेगी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि जल संरक्षण और तालाबों का संवर्धन शुरू से ही जिंदल समूह की प्राथमिकता रही है। बरमुडा के गंगासागर तालाब का इस अंचल में खास महत्व है। यह सौभाग्य की बात है कि इस पवित्र तालाब के गहरीकरण में हमें भी योगदान करने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से जिंदल स्टील लिमिटेड समूह बरमुडा सहित आसपास के सभी गांवों और पूरे अंचल के निरंतर विकास में अपना सतत योगदान देने में पूरी प्रतिबद्धता से जुटा हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी कंपनी इसी तरह अपना योगदान जारी रखेगी। श्री चौहान ने वार्ड पार्षद विष्णुचरण पटेल की भी सराहना करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए पूरी सक्रियता के साथ सतत प्रयासरत रहते हैं। इस अवसर पर पार्षद विष्णुचरण पटेल ने कहा कि गंगासागर तालाब के गहरीकरण का ग्रामीणों को लंबे समय से इंतजार था।

जिंदल फाउंडेशन द्वारा इसका जिम्मा उठाने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने जिंदल फाउंडेशन का इस पहल के लिए आभार जताया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी फाउंडेशन क्षेत्र के विकास में अपना योगदान निरंतर जारी रखेगा। इस अवसर पर ग्राम बरमुडा के खुशीराम पटेल, पाल सिदार, विनोद पटेल, राधे सिदार, मुंडा विश्वकर्मा, रामभरोस पटेल, नीलेश्वर पटेल, दयाराम पटेल, आरा बाई, मंगली बाई, शीला पटेल, अमित पटेल, वेद राम सिदार सहित युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com